सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, शनिवार 04 अप्रैल 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 135
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com




राष्ट्रपिता को नमन...

# 50 नामों की छंटनी के बाद जारी होंगे 20 से 22 निगम मंडल अध्यक्ष




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में निगम-मंडलों, बोर्ड और आयोगों में नियुक्ति की तैयारी आखिरकार अंतिम चरण में पहुंच गई है। सूत्रों के मुताबिक, इन पदों के लिए करीब 50 नाम सामने आए हैं, जिनमें से छंटनी कर 20 से 22 अध्यक्षों की सूची तैयार की जाएगी। इस सूची को केंद्रीय नेतृत्व के पास अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा, जहां से सहमति मिलने के बाद पहली सूची जारी हो सकती है।

प्रदेश में लंबे समय से निगम मंडल, विकास प्राधिकरण और आयोगों के पद खाली पड़े हैं। नियुक्तियों को लेकर कई बार सूची तैयार होने के बावजूद अंतिम निर्णय नहीं हो सका था। मख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकसभा चनाव से पहले पूर्व में की गई नियुक्तियों को निरस्त कर दिया था, जिसके बाद से ये पद रिक्त हैं। इन नियुक्तियों को संगठन और सरकार दोनों के लिए अहम माना जा रहा है। इससे जहां संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी, वहीं सरकार को प्रशासनिक कामकाज में भी सहूलियत होगी।

पिछले छह महीनों से कई नेता इन पदों के लिए सक्रिय हैं। खासकर वे नेता, जिन्हें चुनाव में टिकट नहीं मिला या जो दल बदलकर सत्तारूढ़ दल में शामिल हुए हैं, अपने दावे मजबूत कर रहे हैं। साथ ही, संगठन के पुराने और सक्रिय कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। माना जा रहा है कि नियुक्तियों में क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि सभी वर्गों और क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व मिल सके।

### होल्ड पर थीं निगम मंडलों की नियुक्तियां

*सरकार और संगठन ने निगम मंडलों की नियुक्तियों को होल्ड पर रखा था। दो महीने पहले एक दर्जन से अधिक निगम मंडलों में नियुक्तियों के नाम फाइनल होने के बाद इन्हें रोक दिया है। दरअसल पहले सरकार और संगठन का फोकस विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी रामजी) को को लेकर था। इस योजना के फायदे जनता तक पहुंचाने के लिए आयोजन किए जा रहे थे। इसके बाद भाजपा जिला कार्यकारिणी, मोर्चा कार्यकारिणी के गठन में जुट गई। अब एल्डरमैन की नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। नगर परिषद और नगर पालिका में 768 एल्डरमैन नियुक्त हो चुके हैं। अब शीर्ष नेतृत्व भी चाहता है कि निगम मंडल की नियुक्तियों की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए। इसको देखते हुए राजनीतिक नियुक्तियों की प्रक्रिया अब शुरू हो गई है।*

## 'विकास की रफ्तार या जाम का जाल? इंदौर की सड़कों पर बढ़ती चुनौती

**अक्षय की बात अपनो के साथ**



मध्यप्रदेश का आर्थिक हृदय कहे जाने वाला इंदौर आज एक गंभीर समस्या से जूझ रहा है- बढ़ता हुआ ट्रैफिक जाम। स्वच्छता में देशभर में अग्रणी रहने वाला यह शहर अब यातायात अव्यवस्था के कारण अपनी रफ्तार खोता नजर आ रहा है। सवाल यह है कि क्या हम विकास की कीमत जाम में फंसकर चुका रहे हैं? तेजी से बढ़ती जनसंख्या, अनियोजित शहरी विस्तार और वाहनों की बेतहाशा वृद्धि ने शहर की सड़कों पर दबाव कई गुना बढ़ा दिया है। हर साल हजारों नए वाहन सड़कों पर उतर रहे हैं, लेकिन सड़कें उतनी ही सीमित हैं। नतीजा- सुबह और शाम के समय शहर के प्रमुख चौराहे जैसे पलासिया चौराहा, विजय नगर चौराहा और भंवरकुआं चौराहा पर लंबी-लंबी कतारें आम दृश्य बन चुकी हैं। समस्या सिर्फ वाहनों की संख्या तक सीमित नहीं है। ट्रैफिक नियमों की अनदेखी, अवैध पार्किंग, और सड़क किनारे अतिक्रमण भी जाम को और जटिल बना रहे हैं। कई बार तो छोटी-सी लापरवाही घंटों की परेशानी में बदल जाती है। यातायात पुलिस की मौजूदगी के बावजूद अनुशासन का अभाव साफ दिखाई देता है।

इंदौर में मेट्रो प्रोजेक्ट और फ्लाईओवर निर्माण जैसे प्रयास जरूर हो रहे हैं, लेकिन जब तक समग्र ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान नहीं बनेगा, तब तक ये प्रयास अधूरे ही रहेंगे। स्मार्ट सिटी का तमगा तभी सार्थक होगा, जब शहर की सड़कों पर भी स्मार्ट व्यवस्था नजर आए। जरूरत है कि प्रशासन, नागरिक और तकनीक—तीनों मिलकर समाधान निकालें। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना, कार पूलिंग को बढ़ावा देना, और ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन कराना—ये कुछ ऐसे कदम हैं जो स्थिति में सुधार ला सकते हैं। अंततः इंदौर को यह तय करना होगा कि वह स्वच्छता के साथ-साथ सुगम यातायात में भी देश के लिए मिसाल बनेगा या जाम की पहचान में उलझकर अपनी पहचान खो देगा, क्योंकि एक शहर की असली पहचान उसकी सड़कों की रफ्तार से भी तय होती है।


**अंदर के पन्नों पर...**

नए एलपीजी कनेक्शन हुए बंद





पेज-2

घरेलू उड़ानों का किराया 35% तक बढ़ा





पेज-6


### तबादला सूची को लेकर प्रशासनिक गतिरोध

# एक माह से टल रहा है प्रशासनिक सर्जरी का मुहूर्त

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश के जिलों-संभागों से लेकर राजधानी के मंत्रालय तक अफसरों को बड़े पैमाने पर 'प्रभावित' करने वाली प्रशासनिक सर्जरी जिलों में गतिरोध पैदा कर रहा है। कभी वित्त वर्ष समाप्त होने के नाम पर, कभी मुख्यमंत्री की व्यस्तता के नाम पर, कभी बजट सत्र के नाम पर, इस बहुप्रतिक्षित सर्जरी टल रही है। हालांकि इस फेरबदल पर करीब एक माह से एक्सरसाइज चल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्यसचिव अनुराग जैन के बीच तीन दौर की चर्चा के बाद करीब आधा दर्जन नाम भी बदले गये हैं। यह भी माना जा रहा है कि जब तक सर्जरी को अंजाम दिया जाएगा,तब तक कुछ और नाम जुड़ चुके होंगे। उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि प्रशासनिक फेरबदल मार्च के अंतिम दिनों तक करने के इरादे को स्थगित कर दिया गया है, क्योंकि जिलों में कई ऐसे प्रशासनिक कामकाज अभी बाकी हैं, जो वित्त वर्ष 31मार्च तक पूरे किये जाने हैं, इनमें ट्रेजरी से लेकर अन्य सरकारी काम शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि तबादला सूची पर जो शुरुआती गतिरोध थे, वे भी लगभग खत्म हो गए हैं। मुख्यमंत्री व मुख्यसचिव के बीच प्रशासनिक व राजनीतिक तकाजों पर अधिकतम सहमति बन चुकी है। हालांकि आदेशों में देरी से प्रशासनिक फेरबदल में शामिल जिला कलेक्टरों की संख्या लगभग 18 तक पहुंच रही है। इसमें अभी तक भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, शिवपुरी, बैतूल, झाबुआ, नर्मदापुरम, मंडला, शहडोल, उमरिया, मैहर, धार आदि जिले शामिल हैं। इसके अलावा भोपाल,ग्वालियर समेत कम से कम तीन संभागायुक्त भी बदले जाने हैं। इधर मंत्रालय में पदस्थ प्रमुख सचिव व अतिरिक्त मुख्यसचिव स्तर के आधा दर्जन अफसर भी बदले जा रहे हैं। इनमें फाइलों और लोगों को विभागों की भटकन से बचाने के लिए अफसरों का 'युक्तियुक्तरण' प्रस्तावित है। मसलन ऊर्जा व नवकरणीय उर्जा, उद्योग व एमएसएमई आदि कुछ विभाग हैं, जो कई मामलों में आपस में जुड़े हुए हैं, गृह, परिवहन और जेल भी परंपरागत एक ही माने जाते हैं, इसलिए इनका मुखिया एक ही रखने का विचार भी सर्जरी से सिरे चढ़ाया जाएगा। जबकि मैदानी अफसरों को हटाने या जिलों में बदलाव की वजह अफसरों के अच्छे व खराब परफार्मेंस को माना गया है। लिहाजा कई कलेक्टर जिलों से वापस मंत्रालय बुलाए जा रहे हैं और कुछ को बेहतर जिले दिये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय में भी सचिव स्तर के एक अफसर की आमद होने वाली है। एक सूत्र की मानें तो तबादला प्रभावित अफसरों की संख्या लगभग 50 पार हो सकती है। इस विशेष रिपोर्ट का लब्बोलुआब यह है कि मप्र मुख्यमंत्री और मुख्यसचिव दर आए दुरुस्त आए और मुख्यसचिव की स्थिति में 2 महिने बाद परिवर्तन होना संभावित है, इसलिए सहमति के आधार पर ही सर्जरी को लॉजिकल एंड पर पहुंच जाए तो आश्चर्य नहीं होगा।



# भारती को सजा, नरोत्तम मिश्रा कैंप में उम्मीदें जगी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**दतिया** • भाजपा के कद्दावर नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा के कैंप में इस वक्त उम्मीदों का सागर हिलोरे मार रहा है क्योंकि उनके निर्वाचन क्षेत्र दतिया का चुनाव 'फंसता' नजर आ रहा है। यही सोचकर उनके समर्थक जोश में आ गए हैं। पिछली बार नरोत्तम अपने क्षेत्र से कांग्रेस के राजेन्द्र भारती के हाथों चुनाव हार गए थे, इसके बाद से वे अपने राजनैतिक पुनर्वास का मौका देख रहे हैं। हालांकि उनसे ज्यादा उनके समर्थक व्यग्र हैं। अब जबकि राजेन्द्र भारती को कोर्ट ने सजा सुना दी है और अपील के लिए मौका दे दिया है तो नरोत्तम कैंप को लगता है कि देर-सबेर कुछ ऐसा होगा कि, दादा का पुनर्वास हो जाएगा, यानी उनके समर्थक उपचुनाव की आहट से पुलकित हैं। उल्लेखनीय है कि नरोत्तम अपने समर्थकों के बीच दादा के नाम से मशहूर हैं। उधर बमुश्किल कई प्रयासों के बाद मुख्य धारा में आए राजेन्द्र भारती की नैया डगमगा रही है। खास बात यह है कि खुद भारती ने अपना केस ग्वालियर की एमपी एमएलए कोर्ट से दिल्ली शिफ्ट कराने के लिए अनुरोध किया था और अब वे धोखाधड़ी के मामले में दोषी करार दिए जा चुके हैं और 3 साल की सजा भी गुरवार को सुना दी गई है।



सूत्रों के अनुसार नरोत्तम मिश्रा की वापसी से प्रदेश में राजनीतिक समीकरण प्रभावित होंगे। पहले से ही वरिष्ठ मंत्रियों के बीच जूझ रहे मुख्यमंत्री मोहन यादव के लिए नरोत्तम मिश्रा जैसे वरिष्ठ मंत्री का पुनर्वास नए राजनीतिक गठजोड़ की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

# देर रात उज्जैन में ग्रामीणों ने लगाई आग, चक्काजाम किया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • उज्जैन में गरोठ रोड पर शुक्रवार रात मिनी बस और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। इसमें एक युवक की जान चली गई जबकि चार लोग घायल हैं। एक की हालत गंभीर है।

युवक की मौत से नाराज ग्रामीणों ने पहले बस पर पथराव किया, फिर आग लगा दी। हाईवे पर चक्काजाम कर टोल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। समझाइश देकर जाम खुलवाया। पुलिस के मुताबिक, छ्छ01 ड्ढह्य 5919 नंबर की मिनी बस दिल्ली से श्रद्धालुओं को लेकर महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन आ रही थी। इसने तुलाहेड़ा टोल प्लाजा के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। ट्रैक्टर खाई में गिरकर पलट गया।

ट्रैक्टर सवार विजय सोलंकी (21) ट्रॉली के नीचे दब गया। वह करीब एक घंटे तक फंसा रहा। समय पर मदद नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर सवार राजेश शर्मा, बस ड्राइवर शिवकुमार निवासी अमृतसर, यात्री बॉबी और धर्मेंद्र कुमार निवासी दिल्ली घायल हुए हैं। सभी को उज्जैन जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां दो यात्रियों की हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि ट्रॉली में गेहूं भरा था, जिसे उज्जैन अनाज मंडी ले जाया जा रहा था।

### गत वर्ष 31 मई को शुरू हुई थी मेट्रो ट्रेन सेवा, पांच स्टेशनों के बदलना है नाम

# 11 माह बाद भी मेट्रो स्टेशनों के नाम बदलने का प्रस्ताव कैबिनेट तक नहीं पहुंचा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में मेट्रो का संचालन शुरू हुए, लगभग 11 माह बीत चुके हैं, लेकिन मेट्रो स्टेशनों के नाम बदलने का प्रस्ताव अब तक कैबिनेट में भी नहीं रखा गया है। मई 2025 में मेट्रो संचालन शुरू होने के दौरान पांच स्टेशनों के नाम वीरांगनाओं के नाम पर बदलने की घोषणा की गई थी, लेकिन यह प्रक्रिया आज तक पूरी नहीं हो सकी। 31 मई 2025 को आम नागरिकों के लिए मेट्रो ट्रेन सेवा शुरू हुई थी। प्रारंभिक चरण में 5.6 किमी के रूट पर पांच स्टेशनों के बीच संचालन हुआ। पहले ही



### इन स्टेशनों के नाम अब तक नहीं बदले जा सके

- गांधीनगर स्टेशन : देवी अहिल्याबाई होलकर टर्मिनल
- सुपर कॉरिडोर स्टेशन-1 : महारानी लक्ष्मीबाई स्टेशन
- सुपर कॉरिडोर स्टेशन-2 : रानी अवंतीबाई लोधी स्टेशन
- सुपर कॉरिडोर स्टेशन-3 : रानी दुर्गावती स्टेशन
- सुपर कॉरिडोर स्टेशन-4 : वीरांगना झलकारीबाई स्टेशन

सप्ताह में करीब ढाई लाख यात्रियों ने मेट्रो में सफर किया।

**नाम बदलने पर हुआ था विवाद**-मेट्रो शुरू होने के दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्टेशनों के नाम को लेकर आपत्ति जताई थी। इसके बाद स्टेशनों के नाम मध्यप्रदेश की वीरांगनाओं के नाम पर रखने के निर्देश दिए गए थे। मेट्रो स्टेशन परिसरों पर नए नामों की पट्टिकाएं भी लगाई गईं थीं, लेकिन कुछ दिनों बाद उन्हें हटा दिया गया।

**नाम परिवर्तन की यह है प्रक्रिया**-विभाग द्वारा प्रस्ताव तैयार, कैबिनेट से मंजूरी, विधानसभा से पारित, केंद्र सरकार से स्वीकृति, इसके बाद आधिकारिक रिकॉर्ड और उपयोग में बदलाव।

मेट्रो संचालन को एक साल पूरा होने वाला है, लेकिन अब तक स्टेशनों के नाम न तो आधिकारिक रिकॉर्ड में बदले गए हैं और न ही आम उपयोग में।

# श्वानों के खौफ में इंदौर, तीन माह में 13 हजार शिकार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • शहर में आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण पाने के लिए, नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे नसबंदी अभियान और करोड़ों रुपये के खर्च के दावे जमीन पर पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए ताजा आंकड़े शहर की भयावह स्थिति को दर्शा रहे हैं। वर्ष 2026 के शुरुआती तीन महीनों में ही 31 मार्च तक कुल 13 हजार 640 नागरिक श्वानों के हमले का शिकार होकर अस्पतालों तक पहुंचे हैं। यह आंकड़ा बताता है कि निगम के तमाम प्रयासों के बावजूद सड़कों पर आवारा श्वानों का खौफ कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

**मार्च महीने में श्वानों के हमलों में आई भारी तेजी** : आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि केवल मार्च के महीने में ही आवारा श्वानों ने 4 हजार 722 लोगों को काटकर घायल किया है। इन हमलों के शिकार होने वालों में समाज का सबसे संवेदनशील वर्ग यानी महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायलों में 833 महिलाएं और 787 नाबालिग बच्चे हैं। नगर निगम पिछले कई वर्षों से आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनकी नसबंदी करने की प्रक्रिया को निरंतर जारी रखने का दावा करता रहा है, लेकिन डॉग बाइट की घटनाओं का यह बढ़ता ग्राफ इन दावों पर गंभीर सवालिया निशान लगा रहा है।

■ ***शहर के 20 से अधिक क्षेत्र बने डेंजर जोन*** : *स्वास्थ्य विभाग ने डॉग बाइट की बढ़ती घटनाओं के आधार पर शहर के उन इलाकों की पहचान की है जो अब हॉट स्पॉट बन चुके हैं। इन क्षेत्रों में खजराना की हिना कॉलोनी, शाहीन नगर मुख्य मार्ग और जमजम चौराहा शामिल हैं। इसके अलावा आजाद नगर, चंदननगर, मूसाखेड़ी, एकता नगर, शांतिनगर, मरीमाता चौराहा बाणगंगा, कुलकर्णी का भट्टा, जीवन की फैल, हेमू कालानी और मुखर्जी नगर में भी कुत्तों का अत्यधिक आतंक देखा जा रहा है। अन्य प्रभावित क्षेत्रों में गणेशधाम, बापट चौराहा, सुखलिया, विजयनगर, वीणा नगर, श्यामनगर, ग्राम तलावली चांदा और देवास नाका जैसे नाम शामिल हैं जहां से लगातार घायलों के अस्पताल पहुंचने की खबरें मिल रही हैं।*

### अब एनसीईआरटी अपने कोर्स और पढ़ाई से जुड़े फैसले खुद लेगी

# बड़ा फैसला : एनसीईआरटी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • केंद्र सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की सलाह पर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा दे दिया है। इससे अब एनसीईआरटी को विश्वविद्यालय की तरह काम करने की आजादी मिलेगी, लेकिन इसके साथ कई जरूरी शर्तें भी लागू की गई हैं। एनसीईआरटी ने 2025 में सभी शर्तें पूरी करने की रिपोर्ट सरकार को दी। इसके बाद यूजीसी की विशेषज्ञ समिति ने इस रिपोर्ट की जांच की और इसे सही पाया।

यूजीसी आयोग ने जनवरी 2026 में अपनी बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसके बाद केंद्र सरकार ने इसे अंतिम रूप दे दिया। एनसीईआरटी ने यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत डीम्ड यूनिवर्सिटी बनने के लिए आवेदन किया था। यह आवेदन यूजीसी पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड किया गया था। यूजीसी ने इस आवेदन की जांच की और 2023 में कुछ शर्तों के साथ लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी किया। इसमें एनसीईआरटी को 3 साल के अंदर सभी शर्तें पूरी करने के लिए कहा गया। इस प्रस्ताव में एनसीईआरटी के 6 प्रमुख संस्थानों को शामिल किया गया है।

### एनसीईआरटी के छह घटक संस्थानों में से दो भोपाल के

*इस फैसले से भोपाल को विशेष लाभ मिला है, क्योंकि एनसीईआरटी के छह घटक संस्थानों में से दो रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन भोपाल और पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान भोपाल में स्थित हैं, जो अब सीधे डिग्री और शोध कार्यक्रम शुरू कर सकेंगे। यह व्यवस्था लागू होते ही इन्हें क्षेत्रिय बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्धता की बाध्यता नहीं रहेगी।*

न्यूज ब्रीफ

### अभिनव कला समाज का अमृत महोत्सव : 75 वर्ष पूर्ण होने पर शुभंकर का लोकार्पण

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● पिछले 75 वर्षों से भारतीय शास्त्रीय संगीत की सेवा में समर्पित अभिनव कला समाज अपना अमृत महोत्सव मना रहा है। इस अवसर पर संस्था के शुभंकर लोगो का लोकार्पण किया जाएगा। 04 अप्रैल को शाम 5 बजे अभिनव कला समाज सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मूर्धन्य संगीताचार्य पूज्यपाद गोस्वामी गोकुलोत्सव जी महाराज उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुविख्यात नृत्यगुरु पं. पुरू दाधीच करेंगे। प्रारम्भ में अभिनव संगीत साधना प्रशिक्षण केंद्र (निर्देशन: पं. सुनील मसूरकर) एवं द्रुपद डांस एकेडमी (निर्देशन: डॉ. आशीष पिल्लई) के प्रशिक्षार्थियों द्वारा विशेष प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छत्रपति शिवाजी महाराज का किया पुण्य स्मरण

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हिन्दवी स्वराज के संस्थापक, महान योद्धा, छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर उनका पुण्य स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पराक्रम, शौर्य एवं रणकौशल से उन्होंने मातृभूमि की सेवा की। छत्रपति शिवाजी महाराज ने स्वराज्य की स्थापना के लिए ऐतिहासिक संघर्ष कर मुगलों, आदिलशाह और अन्य शासकों से लोहा लिया।

### राज्यपाल पटेल 4 और 5 अप्रैल को खण्डवा

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल 4 और 5 अप्रैल को इंदौर संभाग के खंडवा, खरगोन और धार जिले के प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल पटेल खण्डवा जिले के पंधाना विकासखंड के ग्राम बड़ौदा अहीर स्थित जननायक टंट्या भील के स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल पटेल 4 अप्रैल को प्रात: 9 बजे भोपाल से रवाना होकर प्रात: 10.15 बजे खण्डवा जिले के बड़ौदा अहीर पहुँचेंगे। वे प्रात: 11 बजे जननायक टंट्या भील के स्मारक पर पूजन करेंगे तथा प्रात: 11:30 बजे टंट्या भील के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को सिकल सेल कार्ड और आयुष्मान कार्ड वितरित करेंगे। राज्यपाल पटेल दोपहर 12:30 बजे से स्थानीय विद्यार्थियों के साथ संवाद कर मध्यान्ह भोजन करेंगे और दोपहर 1.15 बजे हेलीपैड से खरगोन के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल पटेल दोपहर 1.45 बजे खरगोन आएंगे। आगमन के पश्चात राज्यपाल पटेल दोपहर 1.50 बजे कार द्वारा सनावद रोड स्थित रक्षा अस्पताल के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 2 बजे रक्षा अस्पताल पहुँचेंगे।

# इंदौर के 162 अधिकारी बच्चों को पढ़ाने जाएंगे

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● इंदौर-उज्जैन समेत प्रदेशभर में 1 अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत हो गई है। स्कूलों में पहले दिन विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान बाल सभाओं का आयोजन हुआ। साथ ही छात्रों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया।

अब 'स्कूल चलें हम' अभियान के तहत 4 अप्रैल को प्रदेशभर के स्कूलों में कलेक्टर समेत प्रशासनिक अधिकारी कक्षाएं लेंगे। इंदौर जिले में 162 प्रशासनिक अधिकारी सरकारी स्कूलों में पहुंचकर पढ़ाएंगे। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा प्रताप नगर स्थित आश्रम क्रमांक-2 में विद्यार्थियों से संवाद करेंगे।

इधर, राजधानी भोपाल में 102 स्कूलों में 102 अधिकारी छात्रों के साथ चर्चा करेंगे। इस संबंध में कलेक्टर भोपाल ने आदेश जारी किए हैं, जिसमें अधिकारियों को स्कूल समय के दौरान आवंटित संस्थान में पहुंचकर बच्चों से चर्चा करनी होगी। वहीं, उज्जैन में 106 अधिकारी स्कूलों में जाएंगे।




सत्र के पहले दिन स्कूलों में विशेष मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की गई है। शिक्षा विभाग द्वारा कार्यक्रमों की लगातार समीक्षा की जा रही है, ताकि सत्र की शुरुआत व्यवस्थित रूप से हो सके।

## घर-घर संपर्क से बढ़ेगा नामांकन

सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षकों को घर-घर संपर्क अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक स्कूल से एक शिक्षक अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को प्रवेश के लिए प्रेरित करेगा।

## 85% से अधिक अंक वालों के अभिभावकों का सम्मान

पिछले सत्र में 85% से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को स्कूल स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। विभाग का मानना है कि इससे छात्रों का मनोबल बढ़ेगा। शिक्षा विभाग का लक्ष्य नर्सरी से 12वीं तक के सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों की तर्ज पर विकसित करना है। इसके लिए सत्र की शुरुआत से ही शैक्षणिक गतिविधियों की कार्ययोजना लागू की जा रही है।

### ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर 'दिव्यांग सेवा रत्न' सम्मान

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर सामाजिक न्याय विभाग के सौजन्य से विशेष बच्चों के लिए कार्यरत संस्था अरुणाभ ने विशेष शिक्षकों और केयर गिवर्स को उनके उत्कृष्ट सेवाभाव, समर्पण और योगदान के लिए 'दिव्यांग सेवा रत्न' सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनय पिंगले, सक्षम की राष्ट्रीय सहसचिव श्रीमती स्वाति धारे तथा सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक पवन चौहान और शैलेंद्र सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### गैस सिलेंडर बना तनाव का कारण

## नए एलपीजी कनेक्शन हुए बंद

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● मिडिल ईस्ट में तनाव के बाद अब भारत पर भी खासा असर देखने को मिल रहा है। एलपीजी की किल्लत अब आम लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है। इससे जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जो मध्य प्रदेश के इंदौर के लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर सकती है। इंदौर में एलपीजी गैस कनेक्शन के लिए पोर्टल को 1 महीने के लिए बंद कर दिया गया है। अब नए कनेक्शन के लिए 1 महीने बाद ही आवेदन किया जा सकेगा। इंदौर खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी ने बताया कि नए कनेक्शन के लिए पोर्टल को 1 महीने के लिए बंद कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि ई केवाईसी भी 1 महीने बाद होगी, जिसके बाद ही नए कनेक्शन दिए जाएंगे। अगर किसी को तत्काल गैस कनेक्शन या टंकी की जरूरत है, तो घरेलू उपयोग के लिए 5 किलो की टंकी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था तब तक रहेगी जब तक नए



कनेक्शन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। इस दौरान अगर किसी को कोई समस्या आती है, तो वे अपने नजदीकी गैस एजेंसी से संपर्क कर सकते हैं।

इंदौर में एलपीजी गैस कनेक्शन के लिए पोर्टल बंद होने से लोगों को थोड़ी परेशानी हो सकती है लेकिन अधिकारियों का कहना है कि यह व्यवस्था जल्द ही सामान्य हो जाएगी। उन्होंने आम लोगों से सहयोग की अपील की है मिडिल ईस्ट में तनाव के बाद अब भारत पर भी खासा असर देखने को मिल रहा है एलपीजी की किल्लत अब आम लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है।

### गंदगी दिखने पर विभाग ने दी चेतावनी

## शहर के बड़े रेस्टोरेंटों से लिए खाद्य नमूने

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● जिले में आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में एक उपभोक्ता द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर शिकायतकर्ता से दूरभाष पर विस्तृत चर्चा कर तथ्यों की पुष्टि की गई तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा हार्ड कैसल रेस्टोरेंट प्राइवेट लिमिटेड (मैकडॉनल्ड्स), ए.बी. रोड, राजेंद्र नगर, राऊ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिकायत कर्ता द्वारा बताई गई खाद्य सामग्री के आधार पर वेज पिज्जा मैक पफ, बर्गर बन तथा एडिबल आइस (खाद्य बर्फ) के नमूने जांच हेतु संकलित किए गए। इसी क्रम में श्रीकृष्ण फूड कंपनी (ओये पाप्पे फैमिली रेस्टोरेंट), ए.बी. रोड, राजेंद्र नगर का निरीक्षण कर पनीर, तुअर दाल, राजमा एवं चावल के कुल 4 नमूने जांच हेतु लिए गए। इस प्रकार इस कार्रवाई में कुल 7 खाद्य नमूने जांच हेतु संकलित किए गए हैं।



**दिए गए निर्देश**-निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संबंधित खाद्य कारोबार संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमों के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्हें खाद्य निर्माण एवं भंडारण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य पदार्थों को सुरक्षित तापमान पर रखने, कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन करने, स्वच्छ पेयजल एवं खाद्य-ग्रेड बर्फ का उपयोग करने तथा कच्चे एवं पके खाद्य पदार्थों के पृथक भंडारण के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही खाद्य कारोबार संचालकों को यह भी निर्देशित किया गया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करें।

### मिलावट या गंदगी दिखे तो यहां करें शिकायत

कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आसपास खाद्य पदार्थों में मिलावट, अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य निर्माण अथवा खाद्य प्रतिष्ठानों में गंदगी दिखाई देती है, तो इसकी सूचना जिला प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 0731-181 अथवा 0755-2840621 पर अवश्य दें। उन्होंने यह भी कहा कि प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा मिलावट या नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज को लेकर लगातार प्रताड़ित हो रही विवाहिता ने की आत्महत्या

## अंतिम संस्कार में नहीं पहुंचे ससुराल पक्ष के लोग

निलेश चौहान : 94250-77209

देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत

मामला द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के श्रद्धा सबुरी कॉलोनी का जहां देपालपुर के सगड़ोद गांव की रहने वाली दीक्षा का विवाह 4 साल पहले इंदौर के इंद्रजीत मकवाना से हुआ था। दीक्षा के मायके वालों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोगों ने दीक्षा को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। दीक्षा लगातार इन दहेज लोभियों से परेशान हो गई गुरुवार शाम को उसने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया, दीक्षा का पति इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गया, लेकिन तब तक दीक्षा की मौत हो चुकी थी। इस बात जानकारी मायके पक्ष वालों को लगी तो दीक्षा के पिता दादा और अन्य रिश्तेदार अस्पताल पहुंचे, उन्होंने दीक्षा के ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए मेरी बेटी को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। मानसिक रूप से वह परेशान हो चुकी थी। दीक्षा के ससुर और पति लगातार उसे दहेज के लिए सता रहे थे।



जानकारी में यह भी पता चला दीक्षा की मौत की खबर मिलते ही पति और ससुराल पक्ष के लोग अस्पताल से फरार हो गए। अंतिम संस्कार भी पिता ने घर ले जाकर किया, लेकिन वहां भी ससुराल पक्ष का एक रिश्तेदार नहीं आया। दीक्षा का 2 साल का एक बेटा भी है, वह अपनी मां को निहारता रहा, लेकिन उस मासूम को क्या पता कि उसकी मां अब इस दुनिया में नहीं रही। इन दहेज लोभियों के कारण एक बेटा अपनी मां से अनाथ हो गया। दीक्षा के पिता, भाई, दादा रमेशचंद्र सोनगरा का रो-रोकर बुरा हाल है। अपनी बेटी को पल-पल याद कर रहे दीक्षा परिवार की सबकी लाड़ली थी। देपालपुर दर्जी समाज में आक्रोश की लहर है। समाजजनों का कहना है कि ऐसे दहेज लोभियों को कानून और प्रशासन कड़ी से कड़ी सजा दें, ताकि भविष्य में दहेज के कारण किसी बेटी को अपनी जान ना देना पड़े। समाज के लिए दहेज अब एक कलंक साबित हो रहा है, क्या पति-पत्नी का रिश्ता दहेज तक सीमित रह गया है? यह गंभीर विषय है समाज में बदलाव की जरूरत है।

## अग्रसेन प्रतिमा स्थल के निकट भव्य प्रवेश द्वार का शुभारंभ



दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● नवलखा स्थित अग्रसेन प्रतिमा स्थल के निकट अग्रसेन यूथ क्लब द्वारा बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं समाज के अन्य सहयोगी बंधुओं के सहयोग से बनवाए गए भव्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण गुरुवार शाम को जैसे ही समाजसेवी एवं उद्योगपति विनोद अग्रवाल ने रिमोट का बटन दबाकर किया, समूचा प्रवेश द्वार एवं प्रतिमा स्थल महाराजा अग्रसेन के जयघोष से गूंज उठा। सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, क्षेत्र के पार्षद मृदुल अग्रवाल, पार्षद मुद्रा शास्त्री सहित अनेक विशिष्ट मेहमान भी इस अवसर पर उपस्थित थे जिन्होंने प्रवेश द्वार को शहर की सुन्दरता बढाने वाला और शहर के विकास में अग्रवाल समाज की भागीदारी की खुलेमन से सराहना की। रात्रि में शुभारंभ प्रसंग पर प्रवेश द्वार पर लगाए गए 145 रंगबिरंगे विद्युत पुंज जैसे ही रोशन हुए, पूरा चौराहा रोशनी से नहा उठा।

## समाधान योजना का मालवा निमाड़ के 8.96 लाख उपभोक्ताओं को लाभ



● उपभोक्ताओं को वर्तमान में 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफी प्रदान

● इंदौर जिले के 97 हजार उपभोक्ता लाभान्वित

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तीन माह से अधिक के बकाया बिलों के लिए 15 मई तक लागू समाधान योजना का लाभ लेकर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ कराने की अपील की है। इसके अंतर्गत पुराने बकाया बिलों के एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज राशि पर 70 से 90 प्रतिशत तक एवं किश्तों में बिल भुगतान का विकल्प चुनकर पहली किश्त तुरंत जमा कराने पर 50 से 60 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। कंपनी क्षेत्र के सभी जिलों में अब तक 8.96 लाख उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेकर छूट प्राप्त की है। इन उपभोक्ताओं को करीब 39 करोड़ रूपए की छूट मिली है। वहीं बिजली कंपनी को 270 करोड़ रूपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। समाधान योजना में सबसे ज्यादा इंदौर जिले के करीब 97 हजार उपभोक्ता लाभान्वित हुए है। दूसरे स्थान पर 94 उपभोक्ताओं के साथ खरगोन जिला, तीसरे स्थान पर 93 उपभोक्ताओं के साथ उज्जैन जिला, चौथे स्थान पर 79000 उपभोक्ताओं को लाभान्वित कराने वाला जिला रतलाम रहा। अन्य जिलों में भी 27 हजार से 68 हजार उपभोक्ताओं के समाधान योजना में सरचार्ज माफ किए गए।

## इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 10 अप्रैल तथा शेष संभागों में 15 अप्रैल से होगी गेहूं खरीदी

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि प्रदेश में गेहूं उपार्जन के लिये इस वर्ष रिकॉर्ड 19 लाख 4 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 लाख 60 हजार अधिक है। मंत्री राजपूत ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रदेश सरकार किसान हितैषी सरकार के रूप में किसानों को बेहतर लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से किसानों को इस वर्ष 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के साथ ही 40 रुपये प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस दिया जा रहा है। इससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकेगा। उन्होंने बताया है कि इस वर्ष किसानों का पंजीकृत रकबा 41.58 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है।

## पंचकल्याण महोत्सव की शुरुआत घटयात्रा और ध्वजारोहण से हुई



दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● दिगंबर जैन चंद्रप्रभु जिनालय मल्हारगंज में विराजित होने वाली 24 रजतमयी प्रतिमाओं के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत आज प्रात: मुनि श्री विमल सागर जी एवं मुनि श्री अनंत सागर जी महाराज के सानिध्य में घटयात्रा एवं श्रीजी की शोभायात्रा और ध्वजारोहण से हुई। घट यात्रा प्रात: दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर से प्रारंभ होकर अग्रसेन नगर महावीर बाग होती हुई महोत्सव स्थल दलाल बाग पहुंची। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि यात्रा में घोड़े,बग्घियां, बैंड बाजों के साथ मुनि संघ एवं केसरिया परिधान में महिलाएं हाथों में मंगल कलश और जैन ध्वज लिए और पुरुष श्वेत परिधान में नृत्य कर झूमते और जयकारा लगाते हुए पैदल चल रहे थे। घट यात्रा के महोत्सव स्थल दलाल बाग पहुंचने पर श्री आकाश दीपिका कोल ने मंडप उद्घाटन एवं बीड़ी वाला परिवार के राजीव मीना जैन एवं आजाद रवि देवी जैन ने ध्वजारोहण कर कर महोत्सव का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण होते ही ध्वजा ईशान -उत्तर दिशा की ओर फहराने पर उपस्थित दर्शकों ने करतल ध्वनि से माहौल को उमंग और उत्साह से भर दिया।

## आयुक्त द्वारा झोन 2 व 12 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

### झोन 2 एवं 12 सीएसआई पर विभागीय जांच - स्वास्थ्य अधिकारी का 3 दिन का वेतन काटने के निर्देश

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● आयुक्त क्षितिज सिंघल आज प्रात: काल झोन क्रमांक 2 एवं 12 के विभिन्न वार्ड क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

आयुक्त द्वारा मधु मिलन चौराहा, गणगौर घाट, मुंबई बाजार, मच्छी बाजार, चंद्रभागा पुल व, राज मोहल्ला, जिंसी चौराहा आदि क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा मुंबई बाजार क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में सफाई कार्य ठीक नहीं होने पर क्षेत्रीय दरोगा को फटकार लगाते हुए, सफाई कार्य सुचारू रूप से करने एवं कार्य में सुधार करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही चंद्र भागा पुल के पास विगत रात्रि में आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम के पश्चात कचरा गंदगी नाले किनारे डालने पर संबंधित के विरुद्ध चालानी कार्यवाई करने के निर्देश दिए गए।

आयुक्त द्वारा झोन क्रमांक 02 एवं 12 अंतर्गत मच्छी बाजार, मुंबई बाजार क्षेत्र, चंद्रभागा पुल, कलाल कुई मस्जिद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिलने के साथ ही बार-बार समझाइए देने के पश्चात भी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुधार नहीं करने पर झोन क्रमांक 02 एवं 12 सीएसआई के विरुद्ध विभागीय जांच के निर्देश दिए गए तथा स्वास्थ्य अधिकारी का 03 दिवस का वेतन काटने के भी निर्देश दिए गए।

आयुक्त द्वारा कंडीलपुरा, जिंसी इतवारिया सब्जी मंडी क्षेत्र में भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने एवं सब्जी मंडी, दुकान क्षेत्र में दुकानों के बाहर डस्टबिन नहीं लगा होने पर क्षेत्रीय दरोगा का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, शनिवार 04 अप्रैल 2026

न्यूज ब्रीफ

### श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में हुई महाआरती, सजा फूल बंगला, लगा छप्पन भोग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कालानी नगर स्थित दक्षिण मुखी श्री सिद्ध हनुमान मंदिर हुजूरगंज में हनुमान जयंती के पावन पर्व पर हनुमान जी का फूल बंगला सजा,56 भोग लगा महाआरती हुई। हजारों भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की। भक्त मंडल के सुमित अवस्थी ने बताया कि हनुमान जयंती के अवसर पर भगवान श्री सिद्ध हनुमान जी का विशेष श्रृंगार कर अनेक किस्म के फूलों से निर्मित फूल बंगला सजा, महाआरती हुई, 56 प्रकारों के पकवानों से छप्पन भोग लगा। पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर राम गोपाल दास महाराज, आचार्य शैलेन्द्र तिवारी सहित अन्य साधु संत सम्मिलित हुए। हजारों भक्तों ने महा प्रसादी ग्रहण की।

### ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए निशुल्क व्यक्तित्व विकास केंद्र की कक्षाओं का शुभारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कनाडिया रोड स्थित बुराना खेडी में पुष्पा पिसोलकर पारमार्थिक फाउंडेशन की ओर से व्यक्तित्व विकास की निशुल्क कक्षाओं का शुभारंभ जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव के विशेष आतिथ्य में किया गया। प्रो श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण युवाओं में आत्मविश्वास और व्यक्तित्व निर्माण के लिए इस तरह की पहल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर भी जोर दिया, वहीं मुख्य अतिथि तुलसी सिलावट ने कहा कि ऐसे आयोजन और कार्यक्रम बच्चों और युवाओं को नई दिशा प्रदान करेंगे। प्रारम्भ में फाउंडेशन के संचालक आर के काबरा, प्राचार्य अरुण मित्तल एवं अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर फाउंडेशन के प्रमुख आर के काबरा ने बताया कि इस केंद्र पर मनोवैज्ञानिक तरुणा अग्रवाल द्वारा व्यक्तित्व विकास की कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। श्रीमती अग्रवाल बच्चों को आत्मविश्वास, संचार कौशल एवं जीवन कौशल को विकसित करने पर प्रशिक्षित करेंगी।

### जप-तप और संयम की साधना में रहकर मनुष्य सात्विक और श्रेष्ठ गुणों से अलंकृत बनता है

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जिस तरह सोना तप-तपकर कुंदन के रूप में निखरता है, उसी तरह जप-तप और संयम की साधना में रहकर मनुष्य भी अपने सात्विक और श्रेष्ठ गुणों से अलंकृत बनता है। साधु जीवन स्वयं के लिए नहीं, समूचे समाज और राष्ट्र के लिए होता है। जिन शासन के आदर्श सिद्धांतों की आज के हालातों में समूचे विश्व को जरूरत है। हिंसा और युद्ध के इस दौर में जिन शासन और महावीर स्वामी के सिद्धांत व्यक्ति और समाज को चैतन्य बनाते हैं। साधु-साध्वी समाज का मार्गदर्शन कर एक संस्कारी राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनते हैं, इस लिहाज से दीक्षार्थी विनुषी भंडारी का यह साहसिक कदम समाज के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरक और अनुकरणीय माना जाना चाहिए। ये प्रेरक विचार हैं प.पू. आदित्य मुनि म.सा. एवं प.पू. साध्वी श्रीकांता श्रीजी म.सा. आदिठाना के, जो उन्होंने शुक्रवार को सुबह यशवंत निवास रोड स्थित समता भवन पर साधुमार्गी जैन समता संघ के तत्वावधान में आयोजित दीक्षा समारोह के अंतर्गत मंगल प्रसंग के शुभारंभ अवसर पर आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए।

# भागीरथपुरा की महिला ने जीती जिंदगी की जंग

## 72 दिन किया संघर्ष; 16 दिन वेंटिलेटर और 22 दिन आईसीयू में रहीं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भागीरथपुरा में दूषित पानी ने 36 लोगों की जान ले ली। वहीं से एक 'चमत्कार' की कहानी सामने आई है। 67 वर्षीय पार्वती कोंडला ने न सिर्फ मौत को मात दी, बल्कि उस दुर्लभ जीबीएस (गिलियन-बैरे-सिंड्रोम) को भी हराया जिसने उनके शरीर को लकवाग्रस्त कर दिया था। 19.50 लाख का बिल, 72 दिनों का अस्पताल का संघर्ष और परिवार की अटूट श्रद्धा ने मिलकर यह नामुमकिन जीत हासिल की है।

27 दिसंबर को पार्वती पति भेरूसिंह कोंडला को सामान्य उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। लगा कि मामूली इंफेक्शन है, लेकिन दूषित पानी में मौजूद कैम्पीलोबैक्टर जेजुनी बैक्टीरिया ने उनके नर्वस सिस्टम पर हमला



कर दिया। उसी दिन उन्हें उल्टी-दस्त के कारण शैल्बी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। यहां उसकी हालत खराब होती गई और आईसीयू में रेफर करना पड़ा।

जब हालत और खराब हुई तो 2 जनवरी को बॉम्बे हॉस्पिटल में रेफर किया। उन्हें GBS सिंड्रोम हो गया था, जिसमें शरीर का इम्यून सिस्टम अपनी ही नसों को खत्म करने लगता है। देखते ही देखते शरीर का एक हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया और किडनियों ने काम करना बंद कर दिया। हालत बिगड़ने पर उन्हें शैल्बी से बॉम्बे हॉस्पिटल रैफर किया गया। डॉक्टरों ने कह दिया था कि बचने की उम्मीद सिर्फ 3-4% है। वे 16 दिन वेंटिलेटर और 22 दिन ड्डष्ट में रहीं। जब फेफड़ों ने साथ छोड़ दिया, तो डॉक्टरों ने गले में छेद (ट्रेकोस्टोमी) कर सांस लेने का रास्ता बनाया। 18 दिनों तक वे पूरी तरह बेहोश रहीं।

### शासन की निगरानी में यह स्पेशल केस

भागीरथपुरा का यह एक ऐसा है कि जिसे शासन द्वारा बारीकी से मॉनिटरिंग किया जा रहा है। खुद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 72 दिनों में कई बार उनकी हालत जानने हॉस्पिटल पहुंचे और परिजन को ढांढस बंधाया कि वे किसी की बात की चिंता न करें। उन्होंने परिवार को आश्वस्त किया कि 72 दिनों के इलाज का 19.50 लाख रुपए का खर्च शासन चुकाएगा।

### 48 दिन बाद 9 मार्च को डिस्चार्ज हुई पार्वती

48 दिनों में पार्वती को एचडीयू में रेफर किया गया। इसके बाद बहुत ही धीरे-धीरे उनके स्वास्थ्य में सुधार होने लगा। यह देख डॉक्टरों को भी और उम्मीदें बढ़ी। 6 मार्च को डॉक्टरों ने उसका ट्रेकोस्ट्रीमिया सिस्टम बंद किया। फिर ट्यूब फीडिंग से लिक्विड डाइट शुरू की। इस दौरान पार्वती ने उसे ग्रहण करना शुरू किया तो और सुधार आया। वह परिवार के लोगों को न केवल पहचाने लगी बल्कि बीच-बीच में जवाब देने की कोशिश भी की। 9 मार्च को उन्हें डिस्चार्ज किया गया। अब सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी की टीम उनकी मॉनिटरिंग कर रही है।

## 'क्रीडा भारती स्थापना दिवस पर 1 लाख सूर्य नमस्कार महायज्ञ (तृतीय वर्ष) की पूर्णाहुति

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● क्रीड़ा भारती इंदौर महानगर द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस पर एक लाख सूर्य नमस्कार महायज्ञ (तृतीय वर्ष) का आयोजन किया गया। जिसमें गुड़ी पड़वा दिनांक 19 मार्च से श्रीरामनवमी 27 मार्च तक 48 से अधिक योग एवं खेल संस्थाओं के 2200 योग साधकों ने आनलाइन पंजीयन किया। सभी साधकों ने श्रीरामनवनी से हनुमान जयंती तक प्रतिदिन अपनी अपनी संस्थाओं में 11-11 सूर्य नमस्कार लगाए । सामूहिक पूर्णाहुति श्री हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल को मल्हाराश्रम मैदान इंदौर पर रखी गई। जिसमें लक्ष्य से अधिक 1,69,000 सूर्य नमस्कार की आहुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवा प्रांत कार्यवाह विनीत नवाथे, विशेष अतिथि समाजसेवी किशोर जी



गोयल एवं अध्यक्ष क्रीडा भारती के सहमंत्री अभय राहुल थे। इस अवसर पर विभिन्न योग संस्थाओं के प्रमुखों का सम्मान भी किया गया। आकर्षण की बात यह रही कि अतिथियों द्वारा भी मंच पर सूर्य नमस्कार लगाए गए। कार्यक्रम में श्री हनुमान चालीसा और खेलगीत की सुंदर प्रस्तुति रही । अतिथियों का स्वागत क्रीड़ा भारती मालवा प्रांत के मंत्री हरीश डागुर, तथा क्रीड़ा भारती परिवार के विजय भावे, बबन शर्मा, राजू गौतम, प्रवीण मुद्रिस, अभय लक्कड़, रंजन पंवार, संगीता पंवार, मधु करोले, पूजा शर्मा, अमित कर्पे, मिथिलेश दवे आदि ने किया। संचालन योगेश पुरोहित ने किया । आभार हरदीप सिंह रूप्पल द्वारा किया गया ।

## अफसर ने रिटायरमेंट के दिन 50 ट्रांसफर आदेश निकाले

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● एक अफसर ने अपने रिटायरमेंट के आखिरी दिन और सप्ताह में 50 ट्रांसफर आदेश जारी किए हैं। अपने अधीनस्थ टीचर और हॉस्टल अधीक्षकों को इधर से उधर कर दिया। अधिकार क्षेत्र से बाहर अफसर ने ना प्रभारी मंत्री का अनुमोदन कराया, ना ही मामले को कलेक्टर के संज्ञान में आने दिया। अब चार दिन पहले रिटायर हो चुके अफसर के खिलाफ विभागीय जांच की मांग उठ गई है। ट्रांसफर-पोस्टिंग के बदले उन पर रूपए के लेनदेन के आरोप भी लगे है। मामला खंडवा के जनजातीय कार्य विभाग का है। यह विभाग मंत्री विजय शाह के अधीन हैं। खास बात यह है कि उक्त जिला मंत्री विजय शाह का गृह जिला हैं। 31 मार्च को रिटायर हुए सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला ने ट्रांसफर-पोस्टिंग के आदेश जारी किए थे। शुक्ला के द्वारा जारी आदेश 26 मार्च से लेकर 31 मार्च तक के है। इस मामले में सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला ने ना केवल प्रभारी मंत्री बल्कि विभागीय मंत्री विजय शाह को भी हाशिए पर रख दिया। मामले में जय आदिवासी युवा संगठन ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर जांच की मांग की है।हॉस्टल अधीक्षक हेमंत सिन्हा के माध्यम से ट्रांसफर-पोस्टिंग में बड़ी रकम ली गई। टीचर और अन्य हॉस्टल अधीक्षकों ने हेमंत और उनके बेटे के खाते में ऑनलाइन पेमेंट किया है। इसकी जांच की जाए। मामले में रिटायर सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला का कहना है कि, उनकी तबीयत खराब चल रही है। रिटायरमेंट वाले दिन वह दफ्तर नहीं गए थे। बाकी नियम के मुताबिक ही ट्रांसफर और पोस्टिंग आदेश जारी किए गए है।

## कर्मचारियों, पेंशनरों को 3% महंगाई भत्ता व शिक्षकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान देने पर मुख्यमंत्री का माना आभार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● राज्य शासन द्वारा कर्मचारियों एवं पेंशनरों को 3%महंगाई भत्ते के आदेश कल जारी कर दिए गए। शासन द्वारा कल ही शिक्षकों के चतुर्थ समयमान के आदेश जारी कर दिए जाने से कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री हरीश बोयत, संयुक मोर्चा अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रमेश यादव, शासकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री अशोक मालवीय, जिला अध्यक्ष प्रवीण यादव, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कमलेश सिंह, जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, आदि कर्मचारी नेताओं ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## लक्की राठौरको मिली बड़ी जिम्मेदारी, युवा संगठन अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर के सामाजिक संगठनों में सक्रिय युवा वर्ग के लिए यह गर्व और प्रेरणा का क्षण है। इंदौर के ऊर्जावान एवं कर्मठ युवा नेतृत्व लक्की राठौर (हर्ष) को श्री सकल पंच राठौर समाज के अध्यक्ष ललित राठौर द्वारा युवा संगठन के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। यह महत्वपूर्ण दायित्व उन्हें समाज के प्रति उनकी निष्ठा, युवाओं के बीच उनकी मजबूत पकड़, तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनके निरंतर योगदान को ध्यान में रखते हुए सौंपा गया है। लक्की राठौर ने पूर्व में भी राजनीतिक एवं विभिन्न सामाजिक अभियानों और आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपनी नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट परिचय दिया है।

## आंधी-बारिश का दौर, ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान की आशंका

**भोपाल (एजेंसी)** ● प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। पश्चिमी विक्षोभ और वायुमंडल की ऊपरी परतों में हवाओं का तेज प्रवाह और लगातार सक्रियता बनी होने से राज्य के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। कहीं-कहीं ओलावृष्टि और तेज झोंकेदार हवाओं ने आम जनजीवन और कृषि गतिविधियों को प्रभावित किया।

मौसम केंद्र अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान भोपाल संभाग में अनेक स्थानों पर वर्षा हुई, जबकि इंदौर, नर्मदापुरम और ग्वालियर संभाग के कुछ इलाकों में भी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आगामी दिनों के लिए भी सतर्क रहने की सलाह जारी की है। बीते 24 घंटों में भोपाल संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर बारिश दर्ज की गई। भोपाल में 0.2 मिलीमीटर वर्षा हुई, जबकि रायसेन, विदिशा, सीहोर और राजगढ़ जिलों में भी बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश दर्ज की गई। इसके कारण दिन के तापमान में हल्की नरमी देखने को मिली, वहीं उमस में बढ़ोतरी हुई। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल संभाग में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा, जिससे रात का मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना रहा।

## मधुमेह एवं मोटापे से मुक्ति के लिए नीनादेवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज से



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मधुमेह एवं मोटापे जैसे रोगों से मुक्ति एवं राहत दिलाने के उद्देश्य से अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमती नीना देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में चलाए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के अंतर्गत पांचवा शिविर 4-5 अप्रैल को एमआर 10 रोड स्थित दिव्य शक्ति पीठ पर सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा। शिविर की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को क्षेत्र के रहवासियों की बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया।

अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल एवं बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के प्रमुख विनोद अग्रवाल के मार्गदर्शन में शिविर की तैयारियों को लेकर शहर के पूर्वी क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख रहवासियों की बैठक में निर्णय लिया गया कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए चलाए जा रहे इस अभियान का लाभ लेने के लिए समाज के ज्यादा से ज्यादा बंधुओं को प्रेरित कर शिविर में लाया जाए, ताकि समय रहते उन्हें समुचित चिकित्सा एवं परामर्श का निशुल्क लाभ मिल सके। अब तक अन्नपूर्णा मंदिर, अग्रसेन भवन, आनंद नगर एवं आंचल नगर में सम्पन्न हो चुके चारों शिविरों में करीब 4600 समाज बंधुओं ने 32 तरह की निशुल्क जांचों का लाभ उठाया है फलस्वरूप उन्हें समय रहते अपनी बीमारी की अवस्था के बारे में समुचित मार्गदर्शन मिल रहा है। दिव्य शक्ति पीठ पर शुक्रवार को सम्पन्न हुई बैठक में शिविर संयोजक किशोर गोयल, गणेश गोयल, केके गोयल, रमेश बंसल, नितेश बंसल, नीरज गोयल, निर्मल सिंघल एवं सुश्री साक्षी नीरज गोयल सहित क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने समाज बंधुओं से आग्रह किया कि वे समाज को मधुमेह एवं मोटापे से मुक्त बनाने के पवित्र संकल्प के साथ चलाए जा रहे इस अभियान का ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिविर स्थल पहुंचकर लाभ उठाएं। उपस्थित सभी समाज बंधुओं ने संकल्प किया कि वे 4-5 अप्रैल को लगने वाले शिविर में परिवार के सदस्यों सहित स्वयं भी पहुंचेंगे और अपने स्नेहीजनों तथा समाज बंधुओं को भी प्रेरित करेंगे।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### ‘पाषाण युग’ की धमकी के बीच जलता विश्व, जंग से ज्यादा खतरनाक होती बयानबाजी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शायद इन बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत महसूस नहीं होती। यह बेवजह नहीं है कि आए दिन वे कोई न कोई ऐसी टिप्पणी कर देते हैं, जिससे स्थितियां ज्यादा जटिल हो जाती हैं। ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद दुनिया भर में इस बात को लेकर चिंता जताई जा रही है कि अगर युद्ध और लंबा खिंचा तो इसके असर से बहुत सारे देशों में बहुस्तरीय संकट पैदा होंगे। युद्ध शुरू होने के करीब एक महीने के बाद यह साफ देखा जा सकता है कि कई देशों में तेल और गैस का व्यापक संकट खड़ा हो गया है और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। युद्ध में शामिल देशों के शीर्ष नेतृत्व से यह उम्मीद की जाती है कि वे संयम और धीरज के साथ घटनाओं और परिस्थितियों पर परिपक्व टिप्पणी करें, ताकि तनाव को कम करने में मदद मिले और युद्ध को खत्म करने का कोई रास्ता निकले। मगर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शायद इन बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत महसूस नहीं होती। यह बेवजह नहीं है कि आए दिन वे कोई न कोई ऐसी टिप्पणी कर देते हैं, जिससे स्थितियां ज्यादा जटिल हो जाती हैं। गौरतलब है कि गुरुवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका आने वाले दो-तीन हफ्तों में ईरान पर बड़ा हमला करने जा रहा है और हम उन्हें पाषाण युग में पहुंचा देंगे। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब ट्रंप ने कोई ऐसा बयान दिया है, जिससे युद्ध खत्म होने की कोई राह निकलने के बजाय स्थिति और बिगड़ने की ही भूमिका बनी। इससे पहले भी वे अपने गैरजरूरी बयानों के जरिए तनाव और टकराव को ज्यादा तीखा बनाने की कोशिश कर चुके हैं। सवाल है कि उन्हें ऐसा क्यों लगता है कि अमेरिका के राष्ट्रपति होने के नाते कही गई उनकी बातों से केवल डर और समर्पण ही पैदा होगा। ऐसे बयानों का हासिल आखिर क्या होता है, सिवाय इसके कि तनाव में और ज्यादा बढ़ोतरी हो जाती है, दोतरफा हमले और तेज हो जाते हैं। अपने ऊपर हमले के बाद ईरान ने जिस तरह लगातार कड़ी प्रतिक्रिया दी है, मिसाइलों के जरिए अमेरिकी और इजराइली ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं, उससे साफ है कि वह फिलहाल सामना करने के रुख पर कायम है। मगर इस सबका नतीजा यह सामने आ रहा है कि दुनिया के बहुत सारे देश अब धीरे-धीरे कई तरह की संकटों से घिर रहे हैं। ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, उसके बाद भारत सहित कई देशों में तेल और गैस की आपूर्ति व्यापक पैमाने पर बाधित हुई है।

# असम में झामुमो ने बन्द किए कांग्रेस के लिए दरवाजे



आखिरकार अंतिम समय में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने असम में 21 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। पार्टी ने कांग्रेस से गठबंधन की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। कांग्रेस झामुमो को 7 सीट से अधिक देने को तैयार नहीं हुई। कांग्रेस को पता है कि असम में झामुमो की कोई खास पकड़ नहीं है। इसलिए उसने 7 सीटों से अधिक देना उचित नहीं समझा। दोनों तरफ से बारगेनिंग हुई। लेकिन बात नहीं बनी। यह स्वाभाविक राजनीतिक स्थिति है कि जिस राज्य में जिस पार्टी का दबदबा रहता है वह अपने हिसाब से गठबंधन करती है और सहयोगी दलों को सीट देती है। असम विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि इस निर्णय से राज्य में आदिवासी मतों का बिखराव होगा। झामुमो ने सोमवार को 126 सदस्यों वाली असम विधानसभा के लिए 21 उम्मीदवारों की घोषणा की है।केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने असम विधानसभा चुनाव में झामुमो के साथ गठबंधन को लेकर गंभीर एवं सकारात्मक पहल की थी। झामुमो को पांच से सात सीटों का प्रस्ताव भी दिया गया था।

यह भी आश्वासन दिया गया था कि जिन सीटों पर झामुमो चुनाव लड़ेगा, वहां वहां कांग्रेस का पूरा संगठनात्मक समर्थन रहेगा। कांग्रेस की मंशा स्पष्ट रूप से यह थी कि झामुमो के प्रतिनिधि असम विधानसभा में पहुंचे। लेकिन, झामुमो ने स्थानीय दलों के सहयोग को लेकर 21 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। कमलेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी असम में झामुमो के चुनावी नतीजे के बारे में कोई अंदाजा नहीं लगाना चाहती, लेकिन हमें चिंता है कि झामुमो को यह फैसला आदिवासी वोटों को बांट सकता है। ऐसे में पार्टी ने अब अकेले चुनाव मैदान में उतरने का फैसला लिया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पार्टी 19 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी, जबकि एक सीट भाकपा माले के लिए छोड़ी गई है। नामांकन की अंतिम तिथि कल ही होने के कारण पार्टी ने तेजी से रणनीति को अंतिम रूप दे दिया है।

काफी समय से कयास लगाए जा रहे थे कि विपक्षी दल एक मजबूत गठबंधन के साथ बीजेपी के सामने खड़े होंगे। इसी सिलसिले में रांची से लेकर दिल्ली तक बैठकों का कई दौर चला। खुद असम कांग्रेस के प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह और गौरव गोगोई ने हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी। बात यहीं नहीं रुकी, सोरेन खुद दिल्ली जाकर कांग्रेस आलाकमान से भी मिले, लेकिन हफ्तों की माथापच्ची के बाद भी सीटों के गणित पर कोई ठोस सहमति नहीं बन सकी। अंततः, झामुमो ने हार मानकर अपने 19 उम्मीदवारों की सूची फाइनल कर दी है और उन्हें पार्टी का पारंपरिक चुनाव चिन्ह ‘तीर-कमान’ भी सौंप दिया गया है। झामुमो की इस अकेले चलने की जिद के पीछे एक सोची-समझी चुनावी रणनीति छिपी है। पार्टी का मुख्य ध्यान असम के उन इलाकों पर है जहां चाय बागानों में काम करने वाले लोग और आदिवासी समुदाय बड़ी संख्या में रहते हैं। इन समुदायों के साथ पार्टी का पुराना जड़ाव रहा है और उसे उम्मीद है कि यह वोट बैंक उसे जीत दिलाने में मदद करेगा। माजबत विधानसभा सीट से प्रीति रेखा बरला और सोनारी से बलदेव तेली जैसे चेहरों को उतारकर झामुमो ने यह साफ कर दिया है कि वह पूरी तैयारी के साथ मैदान में है। हालांकि, उसने विपक्षी एकजुटता का एक छोटा संदेश देते हुए बिहाली की सीट वामदलों के लिए छोड़ दी है। असम की इस टूट का असर केवल वहीं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसकी तपिश झारखंड की राजनीति में भी महसूस की जाएगी। जानकारों का मानना है कि इस घटनाक्रम से दोनों दलों के बीच तल्खी बढ़ सकती है, जिसका असर आगामी राज्यसभा चुनावों पर पड़ेगा। झारखंड में जल्द ही राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव होने हैं। अभी तक माना जा रहा था कि एक सीट कांग्रेस के खाते में जा सकती है, लेकिन अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि झामुमो दोनों ही सीटों पर अपना दावा ठोक सकती है। लेकिन अंतिम दोनों में भाजपा क्या खेल करती है और झामुमो क्या रुख रहता है इस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। इसलिए राज्यसभा का चुनाव झारखंड की राजनीति में टर्निंग पॉइंट हो सकता है।यह देखना दिलचस्प होगा कि झारखंड की सत्ता में साझेदार ये दो दल इस कड़वाहट को रांची की गलियों तक पहुंचने से कैसे रोकते हैं।

असम में 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होना है। राज्य की 126 सीटों के लिए हो रहे इस चुनाव में फिलहाल बीजेपी का पलड़ा भारी दिख रहा है, जिसने 2021 के चुनाव में 60 सीटें जीती थीं। अब जब विपक्षी एकता में सेंध लग चुकी है, तो आम मतदाता के मन में सवाल है कि क्या झामुमो अपने दम पर वोट काटकर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाएगी या खुद के लिए एक नया आधार खड़ा करेगी। 4 मई को जब चुनावी नतीजे आएंगे, तभी पता चलेगा कि हेमंत सोरेन का यह साहसी फैसला कितना सही साबित हुआ। अब सवाल उठता है कि असम में झामुमो के चुनाव लड़ने से कांग्रेस के साथ उसके रिश्ते पर क्या असर पड़ेगा? असम में चुनाव लड़ने से किसको फायदा होने वाला है? वोटों के बिखराव का लाभ किसको मिलेगा ? भाजपा, कांग्रेस या खुद झामुमो कोई असर डाल पाएगा। आखिर झामुमो की रणनीति क्या है। किस भूमिका में वहां नजर आएगी। सिर्फ चाय बागान में काम करने वाले झारखंड के आदिवासियों के भरोसे झामुमो को कितना वोट मिलने वाला है। आदिवासी वोटों पर झामुमो की नजर है। चाय बागान में काम करने वाले आदिवासियों को अपनी ओर करने के लिए भाजपा ने कई घोषणाएं की हैं। आदिवासियों का समर्थन इसके पहले के चुनाव में भाजपा और कांग्रेस को मिलता रहा है। अब झामुमो ने वहां एंट्री की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदिवासियों के नेता के रूप में दूसरे प्रदेशों में भी स्थापित होना चाहते हैं। जहां-जहां आदिवासी हैं वहां उनकी नजर है। इसी उद्देश्य से उन्होंने असम में चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। हालांकि झामुमो ने फैसले में बहुत देर कर दी है। गठबंधन की आस में नामांकन के अंतिम दिन चुनाव मैदान में जाने का फैसला लिया है। इधर, एक सवाल यह भी उठ रहा है कि झामुमो के चुनाव लड़ने से भाजपा को फायदा हो सकता है। वोटों का बिखराव होगा और इसका सीधा लाभ बीजेपी को मिलेगा। यदि इसका लाभ भाजपा को मिला तो कांग्रेस के साथ झामुमो के रिश्ते में दरार पड़ सकती है। कांग्रेस का एक खेमा यह मान रहा है कि हेमंत सोरेन अंदर से भाजपा को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ही असम में चुनाव लड़ रहे हैं, क्योंकि वहां उनका कोई आधार नहीं है। सिर्फ चाय बागान में काम करने वाले आदिवासियों के नाम पर चुनाव लड़ने से कोई लाभ होने वाला नहीं है। झामुमो को कोई सीट मिलने वाली नहीं है। हेमंत सोरेन असम तो चले गए लेकिन पड़ोसी प्रदेश पश्चिम बंगाल जहां आदिवासियों की अच्छी खासी संख्या है वहां चुनाव लड़ने पर चुप क्यों है। इसके पीछे का रहस्य क्या है? असम में ओवैसी की भूमिका क्यों निभाना चाहते हैं। इसके आलावा चुनाव से पहले झामुमो को एक बड़ी राहत मिली है। पार्टी को असम में भी उसका पारंपरिक तीर-धनुष चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया गया है। इसके लिए पार्टी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष आवेदन दिया था, जिसे मंजूरी मिल गई।

गौरतलब है कि असम में जेएमएम की पूरी चुनावी रणनीति चाय बागानों में काम करने वाली जनजातियों और उनके व्यापक आदिवासी वोट बैंक पर आधारित है। राज्य भर में लगभग 35 से 40 विधानसभा क्षेत्रों में इन मतदाताओं का प्रभाव निर्णायक माना जाता है। पिछले एक साल से पार्टी इस क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने में सक्रिय रूप से लगी हुई है।जेएमएम के महासचिव विनोद कुमार पांडे लगातार असम में डेरा डाले हुए हैं और जमीनी स्तर पर पार्टी संगठन को संगठित और सक्रिय करने के प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन असम का दो बार दौरा कर चुके हैं, जिसमें उन्होंने आदिवासी पहचान और सामाजिक कल्याण से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। असम दौरे के दौरान सोरेन ने कहा था कि असम में रहने वाले आदिवासी समुदाय देश के चाय उद्योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनके परिश्रम ने ही चाय उद्योग को पहचान दिलाई है। इसलिए, इन समुदायों को उनके अधिकार और सम्मान दिलाना अत्यंत आवश्यक है। गौरतलब है कि असम में चाय बागानों में काम करने वाले श्रमिकों की अच्छी खासी संख्या है, जिनमें से अधिकांश आदिवासी हैं जो ब्रिटिश काल के दौरान झारखंड के छोटानागपुर क्षेत्र से पलायन कर आए थे। जेएमएम इस समूह को संगठित करने और उनके वोट बैंक का लाभ उठाने का लक्ष्य रख रही है।

टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर की पार्टी के साथ ओवैसी के चुनाव लड़ने पर मनोज पांडे ने कहा, ‘मुझे लगता है कि ओवैसी ने एक-दो राज्यों में कुछ हद तक सफलता हासिल की है। उन्होंने बीजेपी को मजबूत किया है और धर्मनिरपेक्ष दलों और धर्मनिरपेक्ष ताकतों को कमजोर करने का काम किया है, जिससे उनका मनोबल बढ़ा है। मेरा मानना है कि बंगाल की स्थिति में वे कहीं भी उपयुक्त नहीं होंगे।‘

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

# प्रसूता के पेट में छोड़ा सर्जिकल नेपकिन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जिला अस्पताल में डॉक्टरों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। ग्राम सेल्दा निवासी मनीषा का 17 मार्च को डॉ. मोहित गुप्ता की टीम ने सीजर ऑपरेशन किया था। इस दौरान रक्तस्राव रोकने के लिए इस्तेमाल किया गया सर्जिकल नेपकिन डॉक्टर पेट के अंदर ही भूल गए और टांके लगा दिए। छुट्टी के बाद महिला को असहनीय दर्द हुआ, लेकिन जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने सुध नहीं ली। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने इंदौर के निजी अस्पताल



में भर्ती कराया, जहां 31 मार्च को दोबारा सर्जरी कर नेपकिन निकाला गया। इलाज पर दो लाख रुपए खर्च हो चुके हैं और मनीषा फिलहाल आईसीयू में भर्ती है। कलेक्टर भव्या मित्तल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच दल गठित कर दिया है। रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। खरगोन जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने सीजर ऑपरेशन के दौरान घोर लापरवाही बरतते हुए प्रसूता मनीषा के पेट में सर्जिकल नेपकिन छोड़ दिया। 14 दिन तक असहनीय दर्द सहने के बाद इंदौर में दोबारा ऑपरेशन कर इसे निकाला गया। कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# रेलवे स्टेशन पर टिकट चेकिंग का रिकॉर्ड; यात्रियों पर 10 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना लगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● पश्चिम मध्य रेलवे के खंडवा जंक्शन पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में टिकट जांच अभियान के दौरान उप मुख्य टिकट निरीक्षक धर्मेंद्र मीणा ने अकेले 16,500 बिना टिकट यात्रियों से 1 करोड़ 2 लाख 75 हजार रुपए का जुर्माना वसूला है। इस वसूली के साथ वे खंडवा रेलवे के इतिहास में एक साल में एक करोड़ से अधिक का राजस्व वसूलने वाले पहले टीटीई बन गए हैं। इस वित्तीय वर्ष में खंडवा स्टेशन के सभी जांच कर्मचारियों ने मिलकर कुल 10 करोड़ 35 लाख रुपए और भुसावल मंडल ने 81 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड वसूली की है। रेलवे प्रशासन बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए यह चेकिंग अभियान लगातार जारी रखे हुए है। उप मुख्य टिकट निरीक्षक धर्मेंद्र मीणा ने पूरे साल में करीब 16,500 बिना टिकट यात्रियों पर कार्रवाई करते हुए यह बड़ी उपलब्धि हासिल की। वे एक वित्तीय साल में 1 करोड़ 2 लाख 75 हजार रुपए की वसूली करने वाले पहले टीटीई बन गए हैं। रेलवे प्रशासन ने उनकी इस सफलता को अनुशासन और सख्ती का प्रभावी उदाहरण माना है। कर्मचारियों के लगातार अभियान से रेलवे राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। खंडवा स्टेशन पर तैनात सभी टिकट जांच कर्मचारियों ने मिलकर वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 10 करोड़ 35 लाख रुपए की वसूली की। पिछले सालों की तुलना में यह आंकड़ा काफी अधिक है। अन्य टीटीई द्वारा की गई वसूली इस प्रकार है: खंडवा स्टेशन जिस भुसावल मंडल के अंतर्गत आता है, उसने भी वित्तीय साल 2025-26 में बिना टिकट यात्रियों से कुल 81 करोड़ रुपए का राजस्व एकत्र किया है। यह वसूली मध्य रेल के सभी मंडलों में सर्वाधिक है। इसी के साथ भुसावल मंडल बिना टिकट यात्रियों से जुर्माना वसूलने के मामले में प्रथम स्थान पर रहा है। भुसावल रेल मंडल के डीआरएम पुनीत अग्रवाल ने कहा कि, ‘नियमित चेकिंग अभियान, स्टाफ की सक्रियता और यात्रियों में जागरूकता के कारण यह संभव हो पाया है। आने वाले समय में भी इस तरह के अभियान और तेज किए जाएंगे, ताकि बिना टिकट यात्रा पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।‘

# भाजपा का लक्ष्य सिर्फ सत्ता नहीं, समाज कल्याण भी है-अजय जामवाल



**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने बुरहानपुर में आयोजित मंडल प्रशिक्षण वर्गों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के कौशल को निखारने और उन्हें नई जानकारी देने के लिए जरूरी हैं। जामवाल ने ओंकारेश्वर, शाहपुर और फोफनार मंडलों के प्रशिक्षण वर्गों में बताया कि भाजपा का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग का उत्थान करना है। उन्होंने पार्टी को सनातन और राष्ट्रवाद का प्रतिनिधि बताया और कहा कि भाजपा हर समाज वर्ग को साथ लेकर चलती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को लगातार प्रशिक्षण लेना चाहिए ताकि वे अपने कार्यों में दक्ष बन सकें। आने वाले दिनों में बूथ स्तर पर भी प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे, जिसमें कई कार्यकर्ता प्रशिक्षक और वक्ता बनेंगे। जामवाल ने समय पालन और अनुशासन का महत्व भी बताया और कहा कि इससे कार्यकर्ता में व्यक्तिगत अनुशासन और कार्यों की सफलता सुनिश्चित होती है।

जामवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे सामाजिक समरसता बनाए रखते हुए समाज को अपने साथ जोड़कर काम करें। चुनौतियों को स्वीकार कर और लोगों को जोड़कर काम करना हर लक्ष्य को हासिल करना आसान बनाता है। इस अवसर पर जामवाल ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं हुकुमचन्द्र पूनमचन्द्र अग्रवाल, गुलचन्द्र सिंहर्ने और विश्वनाथ पाटिल को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया। मंडल प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता और विधायक अर्चना चिटनिस, प्रदेश मंत्री क्षितिज भट्ट, जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज माने, जिला महामंत्री ईश्वर चौहान, मंडल टोली सदस्य और अन्य जिला पदाधिकारी मंचासीन रहे।

### राम को हटाकर छाया बनी प्रदेश प्रवक्ता, प्रतिभा की नई टीम तैयार, लूपलाइन अफसर की नई पोस्टिंग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● खंडवा की सियासत और प्रशासनिक गलियारे में 24 घंटे के भीतर बदलाव देखने को मिले हैं। इन बदलावों ने कई समीकरण बदल दिए हैं, वहीं लूपलाइन में चल रहे अफसर और नेता भी मुख्य भूमिका में आ गए हैं। प्रदेश भाजपा ने मीडिया विभाग की नई कार्यकारिणी घोषित करते हुए प्रवक्ताओं की लिस्ट जारी कर दी हैं। जारी लिस्ट में कई नेताओं को रिपीट किया गया हैं। वहीं खंडवा की बात की जाए तो पूर्व विधायक राम दांगोरे की जगह वर्तमान विधायक छाया मोरे ने ले ली हैं। अब विधायक छाया मोरे प्रदेश प्रवक्ता बनी हैं। पूर्व की कार्यकारिणी के हिसाब से मंदसौर के पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया सहित अन्य लोग रिपीट हुए हैं। खंडवा प्रशासन में कुछ समय से लूपलाइन में चल रहे प्रभारी डिप्टी कलेक्टर बजरंग बहादुर को नई पोस्टिंग से नवाजा गया हैं। बजरंग बहादुर को सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया हैं। वर्तमान सहायक आयुक्त संतोष पांडेय रिटायर हो गए हैं। बहादुर फिलहाल सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर हैं, शहर के लॉ एंड ऑर्डर की जिम्मेदारी उन्हीं के माथे हैं। इससे पहले खंडवा एसडीएम जैसे मलाईदार पद पर थे। लेकिन तेज रफ्तार के कारण उनकी कुर्सी खिसक गई। अब देखना होगा कि नया प्रभार कब तक उनके पास रहता हैं। क्योंकि इस विभाग के बतौर मंत्री मुखिया विजय शाह हैं, और खंडवा जिला उन्हीं का हैं।

# कांग्रेस में पद इतने कि कार्यकर्ता कम पड़ जाएं : सचिन यादव

**दैनिक इंदौर संकेत**




**खंडवा** ● शहर कांग्रेस द्वारा आयोजित मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री, कसरावद विधायक सचिन यादव ने कहा कि वर्तमान में हो रही नियुक्तियों में यदि नाम छूट रहा है तो किसी भी नेता या कार्यकर्ता को नाखुश होने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस पार्टी में तो इतने पद हैं कि कार्यकर्ता भी कम पड़ जाएंगे। पार्टी के लिए काम करने की जरूरत है। हमने सालों से खंडवा में कांग्रेस का महापौर और विधायक नहीं देखा है। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने पदाधिकारियों से जनसंपर्क बढ़ाने, आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने की अपील की। इस दौरान हरदा विधायक व खंडवा प्रभारी आरके दोगने, पूर्व विधायक राजनारायणसिंह पुरनी, नरेंद्र पटेल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तमपालसिंह पुरनी आदि मौजूद थे।

शहर कांग्रेस कार्यकारिणी में विकास व्यास को संगठन महासचिव, राशिद भाटिया को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर अविनाश शुक्ला, अहमद पटेल, बलराम वर्मा, नूरजहां बेगम, राजू सुनगत और सुरेश गुरवानी को जिम्मेदारी दी गई है।

महासचिव पद पर आसिम पटेल, देवेंद्र थिटे, हरजिंदर सिंह छाबड़ा, इस्माइल लोहार, कादर खान, महमूद हुसैन, महेंद्र बाबू, राम वर्मा, साधना जोशी और विनीत सकरगाए को नियुक्त किया गया है। सचिव पद पर आशी यशवंत सिलावट, अजीज अली, भुवनेश जोशी, धनाजी जाधव, फरहान शेख, किरण शर्मा, जितेंद्र यादव, प्रमोद डेविड, रोहित टोप्पो और तरनजीत सिंह बेदी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा प्रेमांशु जैन को प्रवक्ता और विशाल सोनी को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

# आज मुंबई इंडियंस के सामने दिल्ली कैपिटल्स का इम्तिहान

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2026 के सत्र में आज दिल्ली में जब अपने घरेलू मैदान पर पहले मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत मुंबई इंडियंस का सामना करेगा, तो सभी की निगाहें उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर टिकी होगी। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल पारी की शुरुआत करने के लिए सात जोडियों को आजमाया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल वह इसमें अधिक स्थिरता लाएगा, लेकिन शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि समस्या अब भी बनी हुई है। दिल्ली कैपिटल्स पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 142 रन का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत नहीं कर पाया था। केएल राहुल पहली ही गेंद पर आउट हो गए, जबकि नितीश राणा और पथुम निसांका भी नहीं टिक पाए, जिससे उसका स्कोर चार विकेट पर 26 रन हो गया। इसके बाद समीर रिज्वी ने इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतरकर संयम और परिपक्वता का शानदार परिचय देते हुए नाबाद अर्द्धशतक लगाया। इन्होंने अनुभवी ट्रिस्टन स्टब्स के साथ मिलकर 119 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिलाई थी। अब उसे जसप्रीत बुमराह के अगवाई वाले मुंबई के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना है और उसके लिए यह आसान नहीं होगा।







अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में जुटी कैपिटल्स की टीम शीर्ष क्रम में अधिक स्थिरता देखने के लिए उत्सुक होगी। वहीं, दिल्ली की गेंदबाजों का सामना अब रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा जैसे बल्लेबाजों से होगा और इसलिए उन्हें अपनी गति में विविधता और स्पिन पर नियंत्रण रखने की जरूरत पड़ेगी। मुंबई इंडियंस पिछले कई वर्षों से आईपीएल में अच्छी शुरुआत नहीं कर पा रहा था, लेकिन इस बार उसने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत हासिल करने पहले मैच में हार के 14 साल के सिलसिले को खत्म कर दिया जससे वह अधिक आत्मविश्वास के साथ इस मुकाबले में उतरेगा। मुंबई की गेंदबाजी की बात करें तो शार्दुल ठाकुर ने तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए, जबकि बुमराह और ट्रेंट बोल्ट ने कसी गेंदबाजी की।

## गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स में मुकाबला

**अहमदाबाद (एजेंसी)** • कगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की मौजूदगी वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण देखने में तो काफी खतरनाक लगता है, लेकिन शनिवार को उसकी परीक्षा है। अहमदाबाद में आईपीएल 2026 का नौवां मैच राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाला है। आईपीएल के इस मैच में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर वैभव सूर्यवंशी के सामने गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी परीक्षा होगी। 15 वर्षीय सूर्यवंशी ने आईपीएल में अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत की। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ केवल 15 गेंद पर अर्द्धशतक जड़ दिया था, जिससे उसकी टीम ने 127 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर दिया था। सूर्यवंशी शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक बार फिर से आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है, जिसमें रबाडा, सिराज और प्रसिद्ध जैसे खतरनाक तेज गेंदबाज हैं।




इस मैच में टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल से बेहतर रणनीति अपनाने की उम्मीद होगी, क्योंकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में टीम की हार के दौरान उनके कुछ फैसलों की आलोचना हुई थी। बल्लेबाजी की बात करें तो नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जा रही है, जहां वे खुलकर बल्लेबाजी कर सकते हैं। टूर्नामेंट में अब तक सभी टीम ने लक्ष्य का पीछा करना अच्छा समझा है। राजस्थान रॉयल्स के पास नांद्रे बर्गर और जोफ्रा आर्चर जैसे दो अच्छे तेज गेंदबाज हैं। दोनों इस मैच में शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर को शुरुआती ओवरों में कड़ी चुनौती देना चाहेंगे। गुजरात टाइटंस की समस्या उसकी शीर्ष तीन बल्लेबाजों की पर अत्यधिक निर्भरता है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अगर टाइटंस पहले बल्लेबाजी करता है, तो उसे कम से कम 220 रन बनाने होंगे।


## फिल्मों में असली एक्शन को प्राथमिकता देना चाहते हैं अक्षय

**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेता अक्षय कुमार एक लंबे समय बाद निर्देशक प्रियदर्शन के साथ फिल्म 'भूत बंगला' में वापसी कर रहे हैं, जिसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है। हाल ही में अक्षय कुमार ने फिल्मों में बढ़ते वीएफएक्स और एआई के इस्तेमाल पर सवाल उठाते हुए साफ कहा कि वे अपनी फिल्मों में असली एक्शन को प्राथमिकता देना चाहते हैं। अक्षय कुमार ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री का दौर लगातार बदल रहा है, लेकिन एक्शन फिल्मों का मौजूदा ट्रेंड उन्हें संतुष्ट नहीं करता। उनके मुताबिक, आजकल फिल्मों में वीएफएक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अत्यधिक उपयोग हो रहा है, जिससे एक्शन दृश्य नकली लगने लगे हैं। उन्होंने कहा कि वे ऐसे एक्शन में विश्वास रखते हैं, जिसे दर्शक सिर्फ देख ही नहीं, बल्कि महसूस भी कर सकें। अभिनेता ने स्पष्ट किया कि वह अपने स्टंट खुद करना पसंद करते हैं और तकनीक के सहारे बनाए गए एक्शन से दूरी बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'अगर मैं कूद रहा हूं तो सच में कूदता हूं, अगर किक मार रहा हूं तो वह असली होती है, न कि कंप्यूटर के जरिए बनाई गई।' उनका मानना है कि एक्शन फिल्मों में वास्तविकता का होना जरूरी है, ताकि दर्शकों को स्क्रीन पर दिखाया जा रहा अनुभव सच्चा लगे।



## रश्मिका की इंस्टाग्राम पोस्ट वायरल

**मुंबई (एजेंसी)** • रश्मिका मंदाना और एक्टर विजय देवरकोंडा ने 26 फरवरी को उदयपुर में धूमधाम से शादी की। रश्मिका और विजय देवरकोंडा की शादी को डेढ़ महीना हुआ है। इसी बीच अब कपल का एक पोस्ट ने उनके फैंस को तगड़ा सरप्राइज दिया है। रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जो वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में विजय और रश्मिका जैसी दिखने वाली मूविंग ग्राफिक्स नजर आ रहे हैं। उनके पास एक खूबसूरत पीले रंग का फूल भी नजर आ रहा है। वहां मूविंग रेड हार्ट इमोजी भी दिखाई दे रहा है। ये पीले रंग का फूल रश्मिका को कभी अपनी तरफ खींच रहा था, तो कभी उनके गाल पर किस कर रहा था। इसके साथ रश्मिका ने अब हम तीन हो गए लिखकर व्हाइट हार्ट इमोजी भी लगाई है। रश्मिका मंदाना की इस पोस्ट पर फैंस कमेंट कर उनके प्रेग्नेंट होने के कयास लगा रहे हैं। कमेंट कर लोग पूछ रहे हैं क्या रश्मिका मां बनने वाली हैं।



# उज्जैन संभाग

## उज्जैन-गरोठ हाइवे पर बस-ट्रैक्टर एक्सीडेंट, ट्रैक्टर के नीचे 1 घंटे फंसे रहे युवक की मौत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • उज्जैन-गरोठ नेशनल हाईवे पर शुक्रवार रात दर्दनाक हादसे के बाद हालात बेकाबू हो गए। मिनी बस और ट्रैक्टर की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। गुस्साई भीड़ ने बस में तोड़फोड़ कर आग लगा दी, जिससे बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हादसे में चार घायल हुए हैं, इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। इनका इलाज उज्जैन के निजी अस्पताल में चल रहा है। दिल्ली से श्रद्धालुओं को लेकर महाकाल दर्शन के लिए आ रही मिनी बस ने तुलाहेड़ा टोल प्लाजा के पास आगे चल रहे ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर खाई में पलट गया। ग्राम ब्राह्मणखेड़ा निवासी विजय सोलंकी (21) ट्रैक्टर के नीचे दब गया और



करीब एक घंटे तक फंसा रहा। समय पर मदद नहीं मिलने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथ सवार राजेश शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। वे ट्रैक्टर ट्रॉली में गेहूं भरकर उज्जैन अनाज मंडी के लिए जा रहे थे। युवक की मौत से नाराज ग्रामीणों ने पहले बस पर पथराव किया, फिर उसमें आग लगा दी। आग इतनी भीषण थी कि बस में रखा यात्रियों का सामान और कपड़े जलकर राख हो गए। हालांकि सभी यात्री पहले ही सुरक्षित निकल चुके थे। यात्रियों को दूसरे वाहनों से उज्जैन भेजा गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया और टोल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश के बाद जाम खुलवाया। पुलिस ने मामले की जांच और कार्रवाई का भरोसा दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि हादसे के बाद टोल प्लाजा से क्रेन बुलाई गई, लेकिन वह करीब एक घंटे देरी से पहुंची। इतना ही नहीं, क्रेन में ट्रैक्टर उठाने के लिए पट्टा सहित अन्य जरूरी उपकरण भी नहीं थे। समय पर राहत नहीं मिलने से आक्रोश और बढ़ गया।

## विश्वविद्यालय में रिजल्ट तैयार करने में सामने आई बड़ी चूक

### ग्रेडिंग की बजाय अंक आधारित जारी कर दिया बीबीए, बीसीए और बीकॉम ऑनर्स का रिजल्ट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने हाल ही में बीबीए, बीसीए और बीकॉम ऑनर्स तृतीय सेमेस्टर के रिजल्ट जारी किए हैं, लेकिन रिजल्ट तैयार करने में न केवल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की अनदेखी की गई, बल्कि यूजीसी और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों का भी पालन नहीं किया गया। ग्रेडिंग के साथ ही अंकों के आधार पर भी रिजल्ट तैयार कर जारी कर दिया गया और इसे विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया। अब ज़िम्मेदार लोग रिजल्ट को ग्रेडिंग सिस्टम में परिवर्तित कर मार्कशीट में संशोधन करने की बात कह रहे हैं। एनईपी के अनुसार रिजल्ट अंकों की बजाय ग्रेडिंग सिस्टम के आधार पर जारी किए जाते हैं। इसी आधार पर यूजीसी और उच्च शिक्षा विभाग ने भी ग्रेडिंग सिस्टम के आधार पर रिजल्ट के निर्देश जारी किए हैं। इधर, सभी ऑनर्स पाठ्यक्रमों और सीबीसीएस के अंतर्गत आने वाले कोर्स के रिजल्ट विश्वविद्यालय के ही कंप्यूटर सेंटर द्वारा तैयार किए जाते हैं। लेकिन इस बार बीबीए, बीसीए, बीकॉम ऑनर्स तृतीय सेमेस्टर सहित अन्य कुछ रिजल्ट विश्वविद्यालय में रिजल्ट प्रोसेसिंग कार्य करने वाली कंपनी से बनवाए गए। वहीं से यह गड़बड़ी हुई। वेबसाइट पर जारी बीबीए, बीसीए और बीकॉम ऑनर्स तृतीय सेमेस्टर के रिजल्ट में ग्रेडिंग सिस्टम के अलावा अंकों को भी प्रदर्शित कर दिया गया है।

## सीएम-केंद्रीय मंत्री ने किया साइंस सेंटर का लोकार्पण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • तीन दिन के सेमिनार के माध्यम से उज्जैन काल गणना का केंद्र बने। इसको लेकर देशभर से आए वैज्ञानिक चिंतन करेंगे। उज्जैन का महत्व एक बार फिर दुनिया के सामने हो और महाकाल की नगरी में महाकाल स्टेंडर्ड टाइम की शुरूआत हो। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। वे शुक्रवार को वसंत विहार स्थित तारामंडल परिसर में आयोजित 'महाकाल: द मास्टर ऑफ टाइम' अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेमिनार के दौरान विद्वान तय करेंगे कि विश्व का स्टेंडर्ड टाइम क्या होना चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान उपस्थित थे। इससे पहले मुख्यमंत्री एवं अतिथियों ने 'महाकाल: द मास्टर ऑफ टाइम' पर आधारित प्रदर्शनी और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने उज्जैन सिंहस्थ के लिए 19 किमी लंबे फोर लेन



बायपास का भूमिपूजन भी किया। यह सड़क 701 करोड़ रुपए में बनेगी। वहीं 22 करोड़ से विक्रमादित्य हेरिटेज होटल का विस्तारीकरण होगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने कहा कि काल गणना का केंद्र उज्जैन में फिर से स्थापित हो। इसके लिए आवश्यक शोध करना और क्षमता बढ़ाना ही इस सम्मेलन का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पंचांग हमें सिखाता है कि कब रुकना है, कब जागना है। हम चांद तक तो पहुंच गए, लेकिन आज भी ठेला चलाने वाले और मजदूर की हालत वही है।

## ब्लड के बदले वीआईपी दर्शन, ओंकारेश्वर में कतार लगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • ओंकारेश्वर में रक्तदान के बदले वीआईपी दर्शन की व्यवस्था अब चरमराने लग गई हैं। प्रशासन ने शुरुआत में अच्छी व्यवस्था रखी लेकिन अब कर्मचारी कम कर दिए हैं। शुक्रवार को हालात तब बिगड़ गए, जब करीब 100 लोग रक्तदान के लिए पहुंच गए। वहीं रक्तदान कराने वाली टीम में सिर्फ एक ही टेक्नीशियन के तैनात रहने से लोगों की कतार लग गई ।जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य के जरिए झूला पुल के पास स्थित वृद्धाश्रम में रक्तदान की व्यवस्था करके रखी हैं। इस व्यवस्था के तहत ओंकारेश्वर आने वाला कोई भी श्रद्धालु रक्तदान कर वीआईपी दर्शन का फ्री में फायदा ले सकता हैं। रक्तदान के लिए प्रशासन ने शुरुआत में बड़ी टीम तैनात की थी। लेकिन अब स्टाफ की संख्या घटने से व्यवस्था बिगड़ गई हैं। शुक्रवार को सुबह से लेकर शाम तक करीब 100 लोग रक्तदान के लिए पहुंचे। शाम 5 बजे की स्थिति में 50 लोग लाइन में लगे हुए थे। शुक्रवार को ओंकारेश्वर स्थित वृद्धाश्रम में रक्तदान के लिए आए ज्यादातर लोग दिल्ली और हरियाणा के रहने वाले थे। रक्तदान में सुस्ती



के चलते उन लोगों को कई देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों ने कहा कि, रक्तदान करके जहां उन्हें अतिशीघ्र दर्शन का लाभ लेना था, वहीं इस प्रक्रिया में ही घंटों का वक्त लग गया। इतनी देर में तो लाइन लगकर दर्शन कर लेते हैं। मामले में सीएमएचओ डॉ. ओपी जुगतावत ने कहा कि ओंकारेश्वर में एक डॉक्टर के अलावा दो टेक्नीशियन की तैनाती की गई हैं। लेकिन एक टेक्नीशियन आज के दिन छुट्टी पर गया हैं। उसकी मां की तबीयत ठीक नहीं हैं। ऐसे में संबंधित को अवकाश दिया गया। बाकी एक टेक्नीशियन के द्वारा रक्तदान कराया जा रहा हैं। ज्यादा वेटिंग नहीं हैं।

## ढाई लाख का 780 किलो अवैध गोंद जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • जिले के धुलकोट क्षेत्र में खंडवा से आई वन टीम ने गुरुवार शाम एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 780 किलोग्राम अवैध गोंद जब्त किया। अनुमानित कीमत लगभग ढाई लाख रुपये बताई जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान एक आरोपी सुनील उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग को सूचना मिली थी कि बोरी गांव में एक गोदाम में बिना वैध अनुमति के गोंद का अवैध भंडारण किया जा रहा है। खंडवा से आए सीसीएफ बसु कनौजिया की टीम ने तुरंत छापा मारा और गोदाम से गोंद जब्त किया। उड़नदस्ता प्रभारी शंकर चौहान के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। टीम में वन औपाल धीरज बोरसिया और असद खान भी शामिल थे। आरोपी सुनील उर्फ मुन्ना को पकड़कर गुरुवार रात धुलकोट रेंज के हवाले किया गया है। रेंज इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी।



बुरहानपुर जिले में समय-समय पर अवैध गोंद तस्करी के मामले सामने आते रहते हैं। वन विभाग ऐसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई करता रहा है और जिले में अवैध संग्रहण पर रोक लगाने के लिए निगरानी बढ़ाई जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

## एमपी बोर्ड 10वीं-12वीं रिजल्ट 15 से पहले आएगा

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश में एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के लाखों छात्रों का इंतजार अब जल्द खत्म होने वाला है। माध्यमिक शिक्षा मंडल इस साल 15 अप्रैल से पहले रिजल्ट जारी करने की तैयारी में है, जबकि संभावित तारीख 7 से 12 अप्रैल के बीच तय हो सकती है। स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि सभी जरूरी प्रक्रियाएं अंतिम चरण में हैं और रिजल्ट पूरी तरह त्रुटिरहित जारी किया जाएगा। इस बार करीब 16 लाख छात्र परीक्षा में शामिल हुए हैं, ऐसे में समय पर परिणाम घोषित कर छात्रों को आगे की पढ़ाई में कोई देरी न हो, यह विभाग की प्राथमिकता है। इस वर्ष प्रदेश में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में करीब 16 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए हैं। इनमें लगभग 9 लाख 7 हजार विद्यार्थी 10वीं और करीब 7 लाख छात्र 12वीं की परीक्षा में बैठे। इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए परीक्षा संचालन के लिए प्रदेशभर में 3856 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

## बहुप्रतीक्षित प्रतिमा आने से राजपूत समाज में हर्षोल्लास छाया

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इन्दौर देवास नाका चौराहा पर पृथ्वीराज चौहान जी की बहु-प्रतीक्षित प्रतिमा जो स्थापित होगी वह ग्वालियर से बनकर इंदौर पहुंच गई है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान, क्षेत्रीय विधायक दादा रमेश मेंदोला समिति के सचिव कुंवर धर्मेन्द्र सिंह गौतम ठाकुर जगदीश सिंह, राजेंद्र राठौर बाला ठाकुर, मुकेश सिंह गौतम अजय नरुका भगवान सिंह बुंदेला दरबार सिंह बुंदेला, जाहर सिंह परमार, जितेंद्र सिंह बुंदेला, व इस अवसर पर माँ करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर धर्मेन्द्र सिंह गौतम ने देवास नाका चौराहा पर बनने वाले ब्रिज का नाम भी पृथ्वीराज चौहान के नाम पर किया जाए, ऐसी मांग की है। इस चोराहे लगने वाली प्रतिमा अष्टधातु से निर्मित है और 14 फीट हाइट पर बनी हुई है।

मिली मंजूरी : बस स्टैंड की जमीन पर पीपीपी माडल से बनेगा

# अब विजयनगर चौराहा पर बनेगा तीन लाख स्क्वेयर फीट का मल्टी मॉडल मोबिलिटी हब

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● आईडीए द्वारा विजय नगर चौराहा के पास बस स्टैंड के लिए आरक्षित जमीन का उपयोग परिवर्तन करने का प्रस्ताव भिजवाया था, जिसे शासन ने नामंजूर कर दिया। इसके चलते अब इस तीन लाख स्क्वेयर फीट जमीन पर प्राधिकरण पीपीपी के तहत मल्टी मॉडल मोबिलिटी हब निर्मित करने जा रहा है, जिसकी मंजूरी हाल ही में हुई बजट संबंधी बोर्ड बैठक में ली गई।

इस मल्टी मोबिलिटी हब का रोड ट्रांसपोर्ट के साथ मेट्रो से भी कनेक्टीविटी रहेगी। साथ ही व्यावसायिक निर्माण में मार्केट, ऑफिस, होटल सहित अन्य सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इस बेशकीमती जमीन की कीमत 1 हजार करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है।

प्राधिकरण द्वारा नायतामूंडला के साथ कुमेडी एमआर 10 पर 2 आईएसबीटी निर्मित करवा चुका है, अतः उसने शासन से मांग की थी कि विजयनगर चौराहा की शेष बची जमीन का भी भू-उपयोग व्यावसायिक कर दिया जाए, ताकि पूरी साढ़े 9 एकड़ जमीन व्यावसायिक उपयोग के साथ टेंडर के जरिए बेची जा सके और इससे जो राशि प्राप्त होगी उससे शहरभर में फ्लायओवर, सडकों के निर्माण सहित अन्य प्रोजेक्ट आसानी से अमल में लाए जा सकते हैं। मगर नगरीय प्रशासन और विकास मंत्रालय ने इसकी अनुमति नहीं दी। वहीं मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए भी यह जमीन देने का निर्णय पूर्व में हुआ था। मगर उसके एवज में प्राधिकरण ने बड़ी राशि मांगी, जिसके कारण मेट्रो कॉर्पोरेशन भी यह जमीन हासिल नहीं कर सका। प्राधिकरण की 31 मार्च को आयोजित बोर्ड बैठक में आईएसबीटी के लिए सुरक्षित इस जमीन पर पीपीपी आधारित मल्टी मॉडल मोबिलिटी हब निर्माण का निर्णय लिया गया। इस हब में रोड ट्रांसपोर्ट यानी बसों की सुविधा के अलावा मेट्रो से भी कनेक्टीविटी रहेगी और होटल, ऑफिस सहित अन्य व्यवसायिक गतिविधियां भी विकसित होगी। विजयनगर चौराहा पर साढ़े 6 एकड़ जमीन बस स्टैंड उपयोग की ही है और शेष 3 एकड़ जमीन जो व्यवसायिक उपयोग की है, उसे प्राधिकरण भविष्य में टेंडर के जरिए बेचेगा या उस पर भी व्यवसायिक प्रोजेक्ट लाया जा सकता है।



### कर्मचारियों का टोटा, आवेदन आमंत्रित

आईडीए में एक के बाद एक अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति होती गई और नई भर्ती नहीं हुई, जिसके चलते अब इंजीनियरों के साथ अन्य अधिकारियों का टोटा पड गया है, जिसके चलते अब प्राधिकरण ने रिक्त पदों के लिए आवेदन बुलवाए हैं। इनमें मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, नियोजक, विधि अधिकारी, सहायक यंत्री से लेकर सम्पदा, राजस्व निरीक्षक और पटवारी जैसे पदों पर भर्ती की जाएगी। फिलहाल प्राधिकरण ने 29 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन बुलवाए हैं। सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े के मुताबिक, ये नियुक्तियां सामान्य प्रशासन विभाग के नियम के तहत ही प्रभावशील रहेंगी। आवेदनों की अंतिम तिथि 17 अप्रैल तय की गई है। उल्लेखनीय है कि टीपीएस योजनाओं के अलावा प्राधिकरण के पास हजारों करोड रुपए के प्रोजेक्ट हैं। मगर सबसे अधिक इंजीनियरों की कमी है और सभी विभागों में बीते कई वर्षों से पद भरे ही नहीं जा सके। बोर्ड प्रस्ताव के आधार पर शासन भी इन रिक्त पदों पर भर्ती की अनुमति दे चुका है।

# संघ की दो दिवसीय प्रांतीय समन्वय बैठक आज से, बनेगी एक साल की कार्ययोजना

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) की प्रांतीय स्तर की महत्वपूर्ण दो दिवसीय समन्वय बैठक शनिवार से राजधानी भोपाल के शारदा विहार में शुरू हो रही है। इस बैठक में संघ के 37 आनुषांगिक संगठनों के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी संभव है। साथ ही संघ के सह-सरकार्यवाह अरुण कुमार के भी शामिल होने की संभावना जताई जा रही है, जो संघ और भाजपा के बीच समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बैठक को इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि हाल ही में संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक संपन्न हुई है। ऐसे में इस समन्वय बैठक में आगामी एक वर्ष की कार्ययोजना तय की जाएगी।

इसके साथ ही मध्यप्रदेश सहित पांच राज्यों में संगठन महामंत्रियों की नियुक्ति को लेकर भी चर्चा होने के संकेत हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक से पहले सत्ता और संगठन के बीच कई दौर की चर्चाएं हो चुकी हैं। प्रदेश में 2027 के नगरीय निकाय चुनाव और उसके बाद विधानसभा चुनाव को देखते हुए रणनीति तैयार की जा रही है। वहीं, लंबे समय से लंबित राजनीतिक नियुक्तियों का मुद्दा भी बैठक में प्रमुख रहेगा। निगम-मंडलों और बड़े शहरों के विकास प्राधिकरणों में नियुक्तियां नहीं होने से संघ की नाराजगी सामने आई है। इसी संदर्भमें हाल ही में नगर पालिका और नगर परिषदों में 768 एल्डरमैन की नियुक्तियां की गई हैं, जबकि अब प्रदेश के 16 नगर निगमों में भी एल्डरमैन नियुक्त करने की तैयारी चल रही है। इसे संगठन और सरकार के बीच समन्वय मजबूत करने की दिशा में कदम माना जा रहा है।




### प्रचारक व्यवस्था में बदलाव पर भी मंथन

बैठक में संघ की नई संगठनात्मक संरचना पर भी चर्चा होगी। हाल ही में हरियाणा के पट्टीकल्याणा (समालखा) में आयोजित प्रतिनिधि सभा में प्रांत प्रचारक का पद समाप्त कर संभागीय प्रचारक की नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह नई व्यवस्था मार्च 2027 से लागू होगी। संघ इस बदली हुई संरचना के अनुरूप अपने आगामी कार्यक्रमों और कार्यप्रणाली को अंतिम रूप देगा, जिससे संगठनात्मक मजबूती के साथ राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों में बेहतर तालमेल स्थापित किया जा सके।

# सीबीआई ने बैंक लोन घोटाले में सोनी इस्पात के डायरेक्टर को किया गिरफ्तार

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए इंदौर से सोनी इस्पात के डायरेक्टर राजीव लोचन को गिरफ्तार किया है। मामला करोड़ों रुपए के बैंक लोन घोटाले का है। इसमें कुछ साल पहले केस दर्ज हुआ था। बताया जा रहा है कि यह गिरफ्तारी जबलपुर यूनिट द्वारा की गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम दो दिन से इंदौर में डेरा जमाए हुए थी। जानकारी के अनुसार, इंदौर में न्यू पलासिया, मनोरमागंज स्थित उनके बंगले से टीम ने उन्हें गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने साल 2022 में उन पर केस दर्ज किया था।

**12 करोड़ का लोन घोटाला**- सीबीआई ने साल 2022 में बैंक द्वारा की गई शिकायत के आधार पर यह केस दर्ज किया था। मामला 12 करोड़ 87 लाख के बैंक लोन धोखाधड़ी का है। एसबीआई ने इसकी शिकायत की थी। आरोप है कि सोनी ने इंदौर में एसबीआई की आईएनटी ब्रांच से साल 2006 से 2011 के बीच कैश क्रेडिट लिमिट और लेटर ऑफ क्रेडिट सुविधाएं फर्जी दस्तावेजों से ली थीं। बाद में इस राशि का उपयोग अन्य कार्यों में किया गया।

**दूसरे बैंक लोन घोटाले में भी आरोपी**- यह कोई पहला मामला नहीं है। राजीव लोचन व अन्य के खिलाफ सीबीआई में 42 करोड़ के बैंक लोन घोटाले में भी केस है। इसमें राजीव लोचन सोनी, जगदीश चंद्र, शरंग सोनी, विजय सोनी व अन्य पर बैंक ऑफ बड़ौदा और पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आरोप लगाते हुए केस कराया गया था।

आरोप है कि मेटलमैन ग्रुप के सोनी इस्पात ने जुलाई 2010 से मार्च 2011 तक विभिन्न लोन सुविधाएं ली थीं। इसमें 24 करोड़ 70 लाख रुपए के 17 लेटर ऑफ क्रेडिट जारी किए गए और बिलों का भुगतान बैंक द्वारा किया गया था। बाद में सामने आया कि सोनी इस्पात द्वारा प्राप्त बिल वास्तविक व्यापारिक लेन-देन के बिना दिखावटी थे। एफआईआर में कहा गया है कि कई मौकों पर सोनी इस्पात के कैश क्रेडिट और चालू खाते से धनराशि का अन्य उपयोग किया गया था।




लड़कियों की मारपीट का वीडियो वायरल

# युवती को युवकों के साथ मिलकर बेरहमी से पीटा

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर में लड़कियों के बीच मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक गार्डन के अंदर और सड़क पर कुछ लड़कियां एक युवक के साथ मिलकर एक युवती के साथ मारपीट करती नजर आ रही हैं।

यह वीडियो हीरानगर इलाके का बताया जा रहा है। विवाद की वजह छेड़छाड़ और आपत्तिजनक कमेंट है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लड़कियां पीड़ित युवती को घेरकर उसे बेरहमी से पीट रही हैं। इस दौरान मौके पर मौजूद साथियों ने पूरी घटना का वीडियो भी बना लिया, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

**पुलिस ने लिया संज्ञान, जांच शुरू**-मामले को लेकर टीआई सुशील पटेल ने बताया कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है। फिलहाल इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस वीडियो की जांच कर रही है और यदि कोई पीड़ित सामने आता है या शिकायत मिलती है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मारपीट करने वाले युवकों की भी वीडियो के आधार पर पहचान कराई जा रही है।

### बाणेश्वरी कुंड में की थी युवक-युवती की पिटाई

बाणेश्वरी कुंड का इसी तरह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें कुछ युवकों द्वारा एक युवक और युवती की पिटाई की जा रही थी। यह मारपीट का वीडियो सोमवार का बताया गया था, जिसे बाद में वायरल किया गया। पुलिस ने वीडियो के आधार पर मारपीट करने वाले युवकों की पहचान कर ली है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# सपना हाजी के डेरे से मुक्त होकर किन्नर लौटे कई आरोप लगाए

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश के इंदौर में एक बार फिर किन्नर सपना हाजी और राजा हाशमी वकील सचिन सोनकर पर लगाए गंभीर आरोप उनके डेरे से छूटकर दो किन्नर नंदलालपुरा डेरे में लोटे नन्दलाल पूरा किन्नर डेरे पर सबसे प्रथम बार आरोप लगाने वाले दो किन्नरो ने राजा हाशमी और सपना हाजी को लेकर कई खुलासे किये वही आप बीती बताई और झूठे आरोपों का खुलासा किया।

मध्य प्रदेश के इंदौर में पिछले कई समय से किन्नरों के दो गुटों में विवाद की घटना सामने आ रही थी जिसमें कई आरोप भी लगाए गए थे इसकी शुरुआत किन्नर सपना हाजी और राजा हाशमी द्वारा की गई थी नंदलाल पूरा डेरे के केन्द्र पर धर्म परिवर्तन एक एक दक्षिण लगाने जैसे कई आरोप लगाए गए थे आज इस बात का ख़ुलासा वहाँ से छूटकर लोटे दो सोनम और पालक किन्नर ने किया उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि सबसे पहले हम इसे झूठी शिकायत नंदलाल पूरा तेरे के केंद्रों के ख़िलाफ़ कार्रवाई गई थी हमारे परिवार पर दबाव बनाया गया था इसके साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई थी और हमारे साथ ऐसे कई के किन्नर उस समय थे जो जिन्होंने दबाव में कई झूठी शिकायतें की थी जिसमें धर्म परिवर्तन का दबाव इसके साथ ही एचआईवी के इंजेक्शन लगाने की झूठी शिकायत भी उनके द्वारा हमसे कराई गई थी हम आप फिर से अपने नंदलाल पूरा इससे अपने परिवार में लौट आए हैं और इस चीज़ का ख़ुलासा कर रहे हैं वहीं दोनों ने आगे बताया कि हम को राजा हाशमी और सपना हाजी द्वारा किस तरीक़े से मारपीट की जाती थी पैरों पर डंडों से मारा जाता था और ज़बरदस्ती पुलिस में नंदलाल पूरा देरी के रहने वाले केन्द्रों के ख़िलाफ़ झूठी शिकायतें दर्ज कराई जाती थी हमने पंढ़रीनाथ थाने पर पहुँच कर भी झूठे आरोपों का ख़ुलासा कर दिया है हम प्रशासन से माँग करते हैं कि इन दोनों को सख़्त से सख़्त सजा दी जाए क्योंकि इन्होंने पूरे इंदौर शहर सहित पुरे देश में किन्नर समाज का नाम धूमिल कर दिया है।

# फ्यूल सरचार्ज के चलते घरेलू उड़ानों का किराया 35% तक बढ़ा

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● ईरान-अमेरिका तनाव के कारण एटीएफ महंगा होने से इंडिगो सहित अन्य एयरलाइंस ने फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया है, जिससे इंदौर से घरेलू उड़ानों का किराया 35% तक बढ़ गया है। अप्रैल में इंदौर-कोलकाता रूट सबसे महंगा (12,000 तक) हो गया है। ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार प्रमुख रूटों पर किराया ?500-?4500 तक बढ़ा है।

**इंदौर से प्रमुख उड़ानों के किराए में वृद्धि (अनुमानित):** इंदौर-कोलकाता: 6,500-7,500 से बढ़कर 8,500-12,000, इंदौर-दिल्ली: 4,500-5,000 से बढ़कर 6,500-6,700, इंदौर-मुंबई: 4,500-5,000 से बढ़कर 6,500-6,800. इंदौर-चेन्नई: 4,900-6,000 से बढ़कर 7,500-8,500, इंदौर-बेंगलुरु: 6,000-6,400 से बढ़कर 7,150-9,500, इंदौर-हैदराबाद: 4,800-5,900 से बढ़कर 6,900-7,500



# यशवंत क्लब के बाहर बकाया टैक्स वसूली में मुनादी पर निगमायुक्त को अवमानना नोटिस

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● नगर निगम ने 14 मार्च को कार्रवाई की थी। क्लब के बाहर टैक्स वसूली को लेकर मुनादी कराई गई थी। निगम का कहना है कि टैक्स नहीं भरा गया, जिससे क्लब प्रबंधन नाराज हो गया और हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा गया कि आदेश पहले से हैं और वसूली पर स्टे है। कोर्ट के आदेश से 30% टैक्स भरा है। बाकी मामला कोर्ट में चल रहा है, फिर भी मुनादी कराना गलत और कोर्ट की अवमानना है। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लिया है। निगमायुक्त (आईएएस क्षितिज सिंघल) और जोन-9 सहायक राजस्व अधिकारी प्रशांत पटेल को नोटिस जारी किया है। साल 2020 में क्लब की नई नपती हुई थी। इसके बाद नया टैक्स तय किया गया था। क्लब ने इस पर आपत्ति जताई और मामला कोर्ट में पहुंच गया था। साल 2022 में अंतरिम आदेश दिया गया, जिसमें क्लब को 30% टैक्स भरने के आदेश हुए थे। बाकी मामले की सुनवाई जारी रही।

### नए भवन से कैसे बढ़ा मामला?

हाल ही में क्लब ने 100 नए सदस्य बनाकर 25 करोड़ रुपए जमा किए और नए भवन का प्लान बनाया। नए भवन के लिए निगम में आवेदन किया गया, लेकिन पोर्टल ने बकाया टैक्स के कारण आवेदन मंजूर नहीं किया।






इसके बाद क्लब ने भवन मंजूरी के लिए साल 2025 में रिट पिटीशन (32538/25) दाखिल की। हाईकोर्ट ने दिसंबर 2025 में इसमें निगम को भवन नक्शा पास करने के आदेश दिए। वहीं, प्रॉपर्टी टैक्स बकाया होने की बात कहते हुए निगम ने इसमें रिट अपील (86/2026) दाखिल की थी। इसके बाद 7 जनवरी को यह याचिका खारिज हो गई थी। इसमें निगम ने कहा कि क्लब स्टे के बाद से ही टैक्स नहीं भर रहा है, लेकिन याचिका खारिज हो गई थी। वहीं, क्लब ने हाईकोर्ट सिंगल बेंच के आदेश के बाद भी नक्शा पास नहीं होने पर अवमानना याचिका (735/26) दायर कर दी। इसमें 03 फरवरी को आदेश हुआ कि 30 दिन में सिंगल बेंच के आदेश का पालन किया जाए।

### निगम ने जल्द सुनवाई के लिए लगाया आवेदन

*वहीं, अब इस आदेश के बाद नगर निगम ने भी क्लब से अपने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स वसूली के लिए साल 2020 से चल रही याचिका में आवेदन लगाया है। नगर निगम ने मांग की है कि स्टे के बाद से ही क्लब ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं किया है, जो अब बढ़कर 2 करोड़ 64 लाख रुपए हो चुका है। आवेदन में बकाया टैक्स की मांग की गई है। उधर, क्लब के बाहर मुनादी होने से मैनेजिंग कमेटी की छवि को धक्का लगा। जून 2026 में चुनाव हैं, ऐसे में मामला प्रतिष्ठा का बन गया है। इसे देखते हुए क्लब ने अवमानना याचिका 1989/26 दायर कर दी। इस पर अब नोटिस हुए हैं।*

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।